कृष्ण पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 220 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

04 फरवरी 2025 मंगलवार

आज का मौसम

27 अधिकतम

10 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

# बदहवास केजरीवाल के दावों और भाजपा के वादों व कांग्रेस के वजूद का इम्तिहान

## दिल्ली के भविष्य की गेंद अब 1 करोड़ 56 लाख मतदाताओं के पाले में



प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया



जब दोपहर मेट्रो का अंक आपके हाथों में होगा दिल्ली के मतदाताओं को अपना अंतिम मन बनाने में 1से सौलह घंटे रह जाएंगे। कल सुबह से लेकर शाम तक सत्तर सीटों पर फैले 13 हजार 766 बूथों पर 83 लाख 76 हजार पुरूष तथा 72 लाख 36 हजार महिला मतदाताओं, 1261 किन्नर मतदाताओं को तय करना है कि वे किसे चुने। आम आदमी पार्टी से केजरीवाल की पार्टी में तब्दील पार्टी के साफ बहुमत के साथ तीसरी और कांग्रेस की बैसाखियों के सहारे चौथी बार दिल्ली की खेवनहार पार्टी को ही चौथी बार सत्ता की चाबी सौपना है। बीते तीन लोकसभा और दो विधानसभा में शून्य के घेरे में कैद कांग्रेस को बाहर निकालना है। या फिर दिल्ली की कमान भाजपा की डबल इंजन सरकार को लाना है। कसौटी पर मिनी भारत के मतदाताओं का विवेक पर है। उसे राष्ट्रीय राजधानी के चमकते-दमकते चेहरे के पीछे छुपी बजबजाती गंदगी से भरी दिल्ली को केजरीवाल के पंजे से मुक्त कराना है। उसे केजरी के जहरीले यमुना के राजनीतिक आरोपों पर यकीन करना है या दिल्ली के बाहर गटर हव चुकी दिल्ली से गुजरने वाली यमुना मे एक बार फिर डुबकी लगाने के झूठे दावों पर यकीन करना है।

सवाल दिल्ली की आधी आबादी का भी है जिससे लोकसभा चुनावों के बाद हर महीने हजार रूपए देने का वादा किया गया था जिसमें उसे फूटी कौंड़ी भी नहीं मिली लेकिन अब रेवड़ीलाल का वादा चुनाव बाद 2100 रूपए देने का है। तो भाजपा ने ढाई हजार रूपए और कांग्रेस ने 3100 रूपए महीने देने की खैरात महिलाओं को बांटना है। यह अब महिलाओं को तय करना है कि वह किस पर भरोसा करे। दिल्ली की जनता को यमुना की साफ सफाई के वादे को भूल चुके केजरीवाल के यमुना के किनारों को सैरसपाटे लायक बनाने के वादे पर यकीं करना है या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस दावे पर, जिसमें उन्होंने कहा है कि जिस तरह गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए अहमदाबाद के बीच गटर की तरह बहती साबरमती नाले को साफ सुथरी नदी और उसके किनारों पर रिवर फ्रंट जैसा बनाने देंगे , जो अब अहमताबाद के लोगों और सैलानियों के लिए सैर का सपाटे का केंद्र बन चुकी है।

कुछ सवाल तो भविष्य के गर्भ में हैं। क्या नई दिल्ली की सीट पर अपनी ही पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल को पिटवाने और उन्हें पीटने वाले विभव कुमार को देश की सर्वोच्च अदालत की प्रतिकूल टिप्पणियों के बावजूद पंजाब में जेड प्लस जैसी सुरक्षा और मंत्रियों जैसा ओहदा देकरनवाने वाले केजरीवाल जीतेंगे। या दिल्ली को 15 सालों में विकास का तोहफा देने वाली शीला दीक्षित के बेटे संदीप या 28 सालों पहले भाजपाई मुख्यमंत्री साहब सिंह वर्मा के बेटे परवेश वर्मा को वहां के मतदाता जिताएंगे? कालका में महिला शक्ति को अपमानित करने वाले भाजपा के रमेश विदुड़ी को जिताएगी या केजरी की कठपुतली और दिल्ली की अंतरिम मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेनों सिंह को अवसर देगी। या फिर कांग्रेस की अलका लांबा पर भरोसा जिताएगी। पिछले चुनाव में पटपड़ गंज सीट से बमुश्किल 3 हजार वोटों से जीते मनीष सिसोदिया इस बार सीट बदलकर जंग जीतने जंगपुरा जा पहुंचे हैं। लेकिन कांग्रेस और भाजपा के बिछाए तगड़े चक्रव्यूह से निकल पाएंगे? क्या कांग्रेस अपने वजूद को बचाने की कवायद में कितना कामयाब हो पाएगी? दिल्ली के मुस्लिम मतदाताओं का थोक वोट बैंक आप के साथ ही रहेगा या कांग्रेस की तरफ लौटेगा? क्या ओवैसी के की पीर्ा का खाता खुलेगा? भाजपा ने कड़ी मशक्कत करके 45 सीटें जीतने का जो मंसूबा साधा है उसमें वह कितना सफल होगी? सवालों की फेहरिश्त काफी लंबी है। इसके असली जवाब तो 8 फरवरी को ही मिलेंगे जब ईवीएम मशीनें नतीजे उगलेंगी। लेकिन यह तय है कि आप या अरविंद जीते तो भी केजरीवाल मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे।

### स्वयं की भूमि पर आवास बनाने वाले को ढाई लाख रुपये का अनुदान

# शहरों में 10 लाख मकान बनाने का प्लान तैयार, नर्मदा लोक लेगा आकार

**हरदा/भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज नर्मदा जयंती के मौके पर हरदा के छिपानेर में 11 करोड़ रुपए से नवनिर्मित नर्मदा घाट सहित लगभग 300 करोड रुपए के विकास कार्यो का लोकार्पण किया और भूमि पूजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नर्मदा नदी से 40 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो रही है। उन्होंने घोषणा की कि टिमरनी में आईटीआई बनाई जाएगी। नर्मदा लोक का काम 150 करोड़ रुपए की लागत से तीन चरणों में होगा। पहले चरण में कोरी घाट से नर्मदा घाट का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। 2023 में तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा कॉरिडोर बनाने की घोषणा की थी। वे आज शाम को नर्मदापुरम में नर्मदा घाट पर आयोजित समारोह में भी हिस्सा लेंगे। बताया जा रहा है कि उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर नर्मदापुरम में जल्द 5 किलोमीटर लंबा नर्मदा लोक आकार लेगा। इसके पहले भोपाल में दोपहर बाद हो रही यादव मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगने के आसार हैं। इनमें शहरी क्षेत्रों में गरीबों को मकान बनाकर देने की योजना अहम है। यादव के जापान दौरे से लौटने के बाद यह पहली बैठक है। इसमें इंवेस्टर्स समिट की तैयारियों पर भी चर्चा की जाएगी और मुख्यमंत्री अपने मंत्रियो को जापान यात्रा से मिले निवेश आदि के प्रतिसाद से अवगत कराएंगे। जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश के नगरीय क्षेत्रों



में अब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दस लाख आवास बनाने की तैयारी तेजी से पूरी की जा रही है। स्वयं की भूमि पर आवास बनाने वाले को ढाई लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसमें डेढ़ लाख रुपये केंद्र और एक लाख रुपये राज्य सरकार से मिलेंगे। भू-संपदा विनियामक अधिकरण (रेरा) से पंजीकृत बिल्डर द्वारा बनाए आवास लेने पर अनुदान का वाउचर दिया जाएगा। इसका प्रावधान योजना में प्रदेश सरकार की ओर से किया गया है। आज इसे कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत किया जा रहा है। बैठक अपरांह मंत्रालय में होने वाली है। बताया जाता है कि पीएम आवास योजना 2.0 शहरी प्रदेश में लागू करने की सहमति केंद्र सरकार को भेजी जा चुकी है। अब इसे लागू करने का अनुमोदन कैबिनेट द्वारा किया जाएगा। इसमें बिल्डरों की एक वाइड श्रेणी बनाई जाएगी। इसमें वे बिल्डर शामिल किए जांएगे, जिनकी योजना को रेरा से अनुमति होगी और रिकार्ड अच्छा होगा। योजना में उन व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके पास कहीं भी पक्का आवास नहीं है। नौ लाख रुपये तक की वार्षिक आय और राज्य व केंद्र सरकार की किसी भी आवास योजना में लाभ ले चुके व्यक्ति योजना के लिए अपात्र होंगे। उन व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके पास कहीं भी पक्का आवास नहीं है। नौ लाख रुपये तक की वार्षिक आय और राज्य व केंद्र सरकार की किसी भी आवास योजना में लाभ ले चुके व्यक्ति योजना के लिए अपात्र होंगे।



## सौरभ व दोनों सहयोगियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा, उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को लोकायुक्त पुलिस ने आज कोर्ट में पेश किया है। लोकायुक्त टीम इन्हें लेकर पीछे के रास्ते से कोर्ट पहुंची है। सूत्रों के मुताबिक, इस पेशी के बाद आरोपियों की लिस्ट में कुछ नाम बढ़ाए जा सकते हैं ।यह तीनों ही पुलिस रिमांड पर थे और माना जा रहा है कि इनकी रिमांड अवधि बढाने का भी अनुरोध पुलिस कर सकती है। सौरभ के पास से छापों में बीते माह करोडों रूपये, संपति व सोना आदि मिले हैं। हालांकि पूछताछ में वह सोना अपना होने से इंकार करता रहा।

# अवैध भारतीय अप्रवासियों को ट्रंप ने भारत भेजा, 25 हजार हिरासत में

### आज पहुंचेंगे भारत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। अमेरिका से अवैध अप्रवासियों को लेकर एक सैन्य विमान भारत के लिए रवाना हो गया है जो आज भारत पहुंच रहा है। हालांकि, इस उड़ान में कितने लोग सवार हैं, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। दरअसल, ट्रम्प ने अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा डिपोर्टेशन करने का वादा किया था। इसके बाद इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इन्फोर्समेंट ने 15 लाख अवैध अप्रवासियों की लिस्ट तैयार की, जिसमें 18,हजार भारतीय भी हैं। ट्रंप के सत्ता संभालने के पहले 11 दिन में ही 25 हजार से ज्यादा अवैध प्रवासी हिरासत में लिए गए थे। ट्रम्प की आइस टीम ने 12



राज्यों में छापे मारे। रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादातर छापे की कार्रवाई रिपब्लिकन राज्यों में हुई हैं। इनमें 1700 अवैध अप्रवासी भारतीयों को हिरासत में लिया गया। इस दौरान मेक्सिको बॉर्डर से घुसपैठ की घटनाएं 94 फीसद तक घटी हैं। बाइडेन के कार्यकाल में इस साल 1 जनवरी से 19 जनवरी के बीच हर दिन घुसपैठ की औसतन 2087 घटनाएं हुईं जबकि ट्रम्प के सत्ता संभालने के बाद 20 जनवरी से 31 जनवरी तक यह आंकड़ा 126 पर आ गया।

## महाकुंभ: भूटान नरेश ने लगाई गंगा में डुबकी

**प्रयागराज।** महाकुंभ में अब तक 37 करोड़ लोग डुबकी लगा चुके हैं। आज दोपहर तक ही करीब पचास लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। कल वसंत पंचमी पर 2.33 करोड़ लोगों ने स्नान किया। महाकुंभ का आज 23वां दिन है। इसकी शुरुआत 13 जनवरी से हुई थी। अब आज भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भी पहुंच रहे हैं। सीएम योगी उनके साथ संगम जाएंगे। जबकि 5 फरवरी को पीएम मोदी आ रहे हैं। इधर, 29 जनवरी को हुई भगद? मामले में अफवाह फैलाने के आरोप में प्रयागराज पुलिस ने 8 लोगों पर केस दर्ज किया है। इन्होंने अपने एक्स अकाउंट और इंस्टाग्राम आईडी से वीडियो-फोटो अपलोड किए थे।

## बयान से चीफ नाराज मंत्री देश छोड़कर भागे

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार में उप विदेश मंत्री और सीनियर तालिबानी नेता शेर मोहम्मद अब्बास स्तानिकजई को महिलाओं को लेकर अपने बयान के चलते देश छोड़कर भागना पड़ा है। उनके बयान ने तालिबान के चीफ हिबतुल्लाह अखुंदजादा को नाराज कर दिया है। अखुंदजादा ने बयान के बाद गिरफ्तारी का आदेश दे दिया था, लेकिन इससे पहले वह देश छोड़कर दुबई भाग निकले। खास बात यह है कि शेर ने भारत की सैन्य अकादमी में ट्रेनिंग हासिल की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अफगान-पाकिस्तान सीमा स्थित खोस्त प्रांत में एक ग्रेजुएशन सेरेमनी में बोलते हुए उन्होंने माध्यमिक और उच्च शिक्षा में लड़कियों के प्रवेश पर सरकार के प्रतिबंध की आलोचना की थी।

## अमेरिका से आए संकेत के बाद 'सुधरा' शेयर बाजार



**मुंबई।** कल की बड़ी गिरावट के बाद शेयर बाजार में आज शानदार तेजी देखी जा रही है। दरअसल, अमेरिकी बाजार से भी भारतीय मार्केट को अच्छे संकेत मिल रहे हैं. जिस कारण शेयर बाजार में तेजी आई है. कल के भारी गिरावट के बाद निवेशकों ने खरीदारी शुरू कर दी है, जिससे मार्केट में तेजी आई है। वहीं कुछ कंपनियों के अच्छे रिजल्ट आने के संकेत भी हैं सेंसेक्स-निफ्टी शुरुआती कारोबार में उछाल पर खुले और अब तेजी के साथ चढ़ रहे हैं। सुबह शुरूआती सत्र में सेंसेक्स 567 अंक चढ़कर 77,743.33 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 169.05 अंक चढ़कर 23,530.10 पर था। बीएसई सेंसेक्स के टॉप 30 शेयरों में से 24 शेयर तगड़े उछाल पर थे, जबकि छह शेयर गिरावट पर थे। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर सबसे ज्यादा 3 फीसदी चढ़कर कारोबार कर रहे थे। उधर रूपया सर्वाधिक नीचे पहुंचने के बाद आज रिकवरी मोड पर है तथा 13 पैसा रिकवर कर चुका है और तेजी दिखा रहा है।

**मेट्रो एंकर**

### कॉडर चेंज कराकर हरियाणा पहुंच रहे जोड़े

# आईएएस अफसरों की मैरिज डेस्टिनेशन हरियाणा!

**चंडीगढ़, एजेंसी**

केंद्र सरकार के महकमे डीओपीटी के नियम के चलते अब दिल्ली से सटा हरियाणा राज्य युवा आईएएस अफसरों का पसंदीदा राज्य बनता जा रहा है। यह युवा अफसरों की मैरिज डेस्टिनेशन के रूप में भी कहा जाने लगा है। दरअसल,हरियाणा कैडर के आईएएस अफसर लव मैरिज में पीछे नहीं है।वहीं कई अफसर ऐसे हैं, जिन्होंने शादी के लिए अपना कैडर ही बदल लिया। यह दिलचस्प खुलासा आरटीआई में हुआ कि, हरियाणा कैडर में तबादले के लिए आईएएस अफसर इन्हीं शादियों का सहारा ले रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक आरटीआई कार्यकर्ता हेमंत कुमार ने इस जानकारी को उजागर किया है। उनके अनुसार, कम से कम 10 आईएएस अधिकारियों ने हाल के वर्षो में शादी के कारण हरियाणा कैडर में स्थानांतरण प्राप्त किया है। नदिल्ली के पास होने और अच्छे मौकों के कारण हरियाणा पसंदीदा जगह मानी जाने लगी है। हाल में उत्तर प्रदेश कैडर के 2022 बैच के आईएएस उत्सव आनंद का तबादला हरियाणा कैडर में हुआ है। उन्होंने अपनी बैचमेट आईएएस अंजली श्रोत्रिय से शादी की है। झारखंड के उत्सव और मध्यप्रदेश की अंजलि का तबादला



डीओपीटी ने 15 जनवरी 2025 को मंजूर किया। सितंबर 2023 में, त्रिपुरा कैडर के आईएएस राहुल मोदी का तबादला हरियाणा हुआ। उन्होंने हरियाणा कैडर की आईपीएस दीप्ति गर्ग से शादी की। राहुल राजस्थान से और दीप्ति हरियाणा से हैं। अप्रैल 2023 में, आंध्र प्रदेश कैडर की 2018 बैच की आईएएस अनुपमा अंजलि हरियाणा कैडर में शामिल हुईं। उन्होंने हरियाणा कैडर के 2020 बैच के आईएएस हर्षित कुमार से शादी की। नवंबर 2022 में, पश्चिम बंगाल कैडर की 2019 बैच की आईएएस रेणु सोगन का तबादला हरियाणा हुआ। उन्होंने हरियाणा कैडर के 2019 बैच के आईएएस हितेश मीणा से शादी की। दोनों राजस्थान से हैं। फरवरी 2022 में, केरल कैडर के डॉ. बलप्रीत सिंह का तबादला हरियाणा हुआ। उन्होंने हरियाणा कैडर की आईपीएस उपासना से शादी की। अक्टूबर 2021 में, असम-मेघालय कैडर के शांतनु शर्मा का तबादला हरियाणा हुआ। उन्होंने हरियाणा कैडर की 2020 बैच की आईएएस सी. जयश्रद्धा से शादी की।

### नियम नए तो रास्ता नया !

डीओपीटी के नियमों के अनुसार, आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अफसर शादी के बाद अपने जीवनसाथी के कैडर में तबादला करवा सकते हैं। लेकिन, वे अपने गृह राज्य में तबादला नहीं करवा सकते। अगर दोनों पति-पत्नी राजी हों, तो उन्हें तीसरा राज्य दिया जा सकता है। इस कडी में नेहा सिंह का मामला इन तबादलों की जटिलता को दर्शाता है। गुजरात कैडर की नेहा जुलाई 2021 में हरियाणा कैडर में शामिल हुईं। उन्होंने हरियाणा कैडर के आईएएस राहुल हुड्डा से शादी की थी। राहुल 2015 में हरियाणा कैडर में आए थे। पहले उन्होंने एक हरियाणा कैडर की आईपीएस अफसर से शादी की थी। तलाक के बाद, राहुल की दूसरी शादी ने नेहा के तबादले का रास्ता खोला।

## महाकुंभ: सीहोर का बच्चा भटका, बक्सर में बदहवास मिला

**बक्सर.** पिछले दिनों मप्र के सीहोर से कुंभ स्नान को निकला एक बच्चा भटककर बिहार के बक्सर पहुंच गया। बारह वर्षीय यह बच्चा 20 दिन बाद पटना-बक्सर एनएच-922 के पास एक गांव में मिला। भटकते बालक को ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने बच्चे की काउंसलिंग की, तो उसने अपने मामा का मोबाइल नंबर बताया। इस नंबर पर संपर्क करने पर देवेंद्र गोड़ नाम के एक व्यक्ति ने फोन उठाया व बताया कि बक्सर में मिला बच्चा उनका भांजा मोहित पटेल है। वह अपने मामा के घर सीहोर जिले के साहेगंज में रहता था। वहीं से वह महाकुंभ स्नान करने कुछ साधुओं और अन्य लोगों के साथ घर से निकल गया था। मोहित का अपना घर इंदौर में है। पुलिस ने बताया कि बच्चे की हालत ठीक नहीं थी। वह भूखा-प्यासा था और उसके कपड़े भी काफी गंदे हो गए हैं।

# अब चौराहों पर एआई की नजर, ट्रैफिक मैनेजमेंट करेगा, मिलेगी जाम से राहत

## चौराहे पर कितने वाहन हैं उसके हिसाब से तय करेगा समय, कैमरे को करेगा अलर्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अब शहर में एआई आधारित सिस्टम के जरिए वाहनों की ट्रैकिंग, ट्रैफिक लो का विश्लेषण और बेहतर योजना बनाना संभव होगा। इससे ट्रैफिक सिग्नल का स्मार्ट प्रबंधन होगा, जिससे वाहनों की आवाजाही सुचारू होगी। लोगों को जाम में फंसकर समय गंवाने की समस्या कम होगी। एआई तकनीक ट्रैफिक नियम तोडने़ वालों की पहचान करेगी और उनके खिलाफ सत कार्रवाई की जाएगी। अवैध पार्किंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग और ओवर स्पीडिंग जैसी समस्याओं पर काबू पाया जाएगा।

राजधानी में यातायात व्यवस्था को सुधारने और जाम की गंभीर समस्या से निपटने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग किया जाएगा। यातायात पुलिस ने इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव भेजा है यह सिस्टम शहर के विभिन्न हिस्सों में लगाए गए कैमरों और सेंसर के जरिए ट्रैफिक की स्थिति का विश्लेषण करेगा और उसके अनुसार सिग्नल और ट्रैफिक का प्रबंधन करेगा। इससे न केवल ट्रैफिक का प्रबंधन आसान होगा, बल्कि जाम की समस्या कम होगी और लोगों का समय भी बचेगा। चौराहे पर कितने वाहन हैं, एआई उसके हिसाब से सिग्नल का समय तय करेगा और अगले चौराहे पर लगे कैमरे को अलर्ट करेगा।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उपकरण लगेंगे



शहर में ट्रैफिक की समस्या को हल करने आने वाले समय में शहर के चौक-चौराहों पर विशेष एआइ आधारित उपकरण लगाए जाएंगे, जो ट्रैफिक की लाइव मॉनिटरिंग करेंगे। इससे दुर्घटनाओं की संख्या में भी कमी आने की उम्मीद है। बताया गया कि शहर में बढ़ते वाहनों की संख्या के कारण यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए एआई तकनीक बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। इसे जल्द से जल्द लागू करने की योजना बना रहे हैं। यह काम स्मार्ट सिटी के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इससे ट्रैफिक मैनेजमेंट में पारदर्शिता आएगी और लोगों को राहत मिलेगी।

# 6 माह के तेंदुआ शावक ने भी तोड़ दिया दम

## एक दिन पहले हुई थी बाघ की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वन्यप्राणियों को संरक्षण और इलाज देने वाले वन विहार में मौतों का सिलसिला जारी है। सोमवार को छह माह के तेंदुआ शावक ने दम तोड़ दिया। कोलार के गोल जोड़ से रेस्क्यू कर इसे वन विहार लाया गया था। अंदरूनी चोट और सदमे के कारण मौत होना बताया जा रहा है। इससे पहले रविवार को नर बाघ छोटा भीम की मौत हो चुकी है। दो दिन में लगातार दो मौतों से वन विहार के रेस्क्यू सेंटर सवाल खड़े हो रहे हैं। सोमवार को जिस तेंदुआ शावक की मौत हुई उसे वन विहार की टीम ने रेस्क्यू किया था। कोलार के गोल जोड़ चौराहे पर सड़क पर मिला था। वन विहार में जांच के दौरान एक पैर में फ्रैक्चर पाया गया। एक माह से इलाज जारी था। वन विहार प्रबंधन के मुताबिक रविवार रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। मौत के कारणों को लेकर प्रबंधन साफ तौर पर बोलने तैयार नहीं। ऐसे में इसे संदिग्ध बताया जा रहा है। वन विहार प्रबंधन ने मौत की सूचना सार्वजनिक की। ट्रॉमा के कारण शावक की मौत हुई। इसके पैर में चोट थी। पिछला हिस्सा लगभग पैरालाइज हो गया था। एक माह इलाज चला। कोलार गोल जोड़ के पास से शावक का रेस्क्यू हुआ था। वन विहार में एक माह से इलाज चल रहा था।

## कलेक्टर का आदेश, अब भिक्षावृत्ति अपराध

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अब भीख लेना और देना दोनों ही अपराध होगा। ऐसा करते पाए जाने पर एफआइआर दर्ज की जाएगी। इस संबंध में सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रमसिंह ने आदेश जारी किए हैं। हालांकि भीख मांगने पर भोपाल में पहले भी एफआइआर दर्ज हो चुकी है। अब यह जारी रहेगी। गौरतलब है कि इंदौर में सबसे पहले आदेश जारी कर भिक्षावृत्ति को अपराध का दर्जा दिया है। अब भोपाल भी इसमें शामिल हो गया। इधर, कोलार का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित आश्रय स्थल को भिक्षुक गृह तय किया है। इसके लिए निगमायुक्त हरेंद्रनारायण ने कलेक्टर को पत्र लिखा था। यहां नगर निगम के माध्यम से ही व्यवस्थाएं तय की जाएगी।

## छोटी-बड़ी खबरें

### फेडरेशन को मान्यता मिलने पर जताया आभार



**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक के ओबीसी एम्पलाइज फेडरेशन को मान्यता मिलने पर ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत सूर्यवंशी एवं भोपाल के अध्यक्ष अमर सिह सुरेश मौर्य सचिव विजय यादव तथा पप्पू यादव एवं अन्य ने पदाधिकारियों ने बधाई दी है। साथ ही भाजपा सांसद व पिछडा वर्ग कल्याण समिति के अध्यक्ष गणेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### भाभा विश्वविद्यालय में बसंत पंचमी पर्व व सरस्वती पूजन



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में बसंत पंचमी पर्व एवं सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया जिसमें वेद स्वर,ज्ञान और अनंत कलाओं की देवी मां सरस्वती का पूजन किया गया । इस अवसर परएजुकेशन विभाग की डीन डॉ. कविता पडेगांवकर की पुस्तक रिसर्च मैथडॉलजी टूल्स एंड टेक्नीक्स का विमोचन वीसी दिलीप कुमार डे और प्रसाद पिल्लई ने किया।

### भोपाल में होगा विशेष आध्यात्मिक सत्संग

**भोपाल।** आर्य जगत के मूर्धन्य विद्वान, अंतराष्ट्रीय संत एवं दर्शनयोग महाविद्यालय रोजड (गुजरात) के निदेशक स्वामी विवेकानंद परिव्राजक का भोपाल में आगमन हुआ है। आज आर्य समाज महावीर नगर, 10 नंबर मार्केट के तत्वावधान में सायंकाल 6 से 7.30 बजे तक स्वामीजी के आध्यात्मिक प्रवचन एवं शंका समाधान का वृहद आयोजन होगा। आर्य समज के प्रकाश चंद्र सोनी एवं प्रधान वेद प्रकाश शर्मा ने लोगों से आयोजन में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### फोटोग्राफर श्रीवास्तव के भाई का निधन

**भोपाल।** कायस्थम के सदस्य और पफोटोग्राफर शरद श्रीवास्तव के बड़े भाई संजय श्रीवास्तव (सुपरीटेंडेंट उपभोक्ता फोरम) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निज आवास चित्रगुप्त नगर कोटरा से निकली व भदभदा विश्राम घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। कायस्थम भोपाल मप्र के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष आरपी श्रीवास्तव आदि ने श्रद्धांजलि दी है।

## इन्वेस्टर समिट की तैयारी








भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सिलसिले में बोट क्लब की दीवारों पर पेंटिंग करते कलाकार।

# यातायात पुलिस ने किया सेवासदन को सम्मानित

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

यातायात पुलिस ने सोमवार को सड़क सुरक्षा अभियान में यातायात जागरूकता सेमिनार और सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में सेवा सदन के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी, मैनेजिंग ट्रस्टी ए.सी. साधवानी, डायरेक्टर (एडमिन) कुशल धर्मानी, अस्पताल प्रशासक अनुशा तिवारी और कैंप कोऑर्डिनेटर नीलेश वाघमारे को सम्मानित किया गया। अभियान के तहत सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने माह जनवरी 2025 में भोपाल शहर के विभिन्न स्थानों पर पांच निःशुल्क दृष्टि दोष एवं जांच शिविर लगाये, जिनमें दृष्टि दोष और नेत्र रोगों से पीड़ित 1300 से अधिक ड्राइवरों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। यातायात पुलिस ने मानस भवन में आयोजित इस सम्मान समारोह के साथ जागरूकता सेमिनार भी आयोजित किया, जिसमें सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं और उनके महत्व पर भी चर्चा की गई। सेमिनार में मुख्य अतिथि, भोपाल के पुलिस कमिश्नर हरि नारायण चारी मिश्र ने नागरिकों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान में स्कूलों के नौ हजार और कॉलेजों के पांच हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। में बाइक रैली और चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सेमिनार में पुलिस के अपर आयुक्त द्वय अवधेश गोस्वामी और पंकज श्रीवास्तव, डीसीपी यातायात संजय सिंह तथा समाज सेवी डॉ. एम.डी. भगतानी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



सड़क सुरक्षा माह में सम्मान समारोह एवं सेमिनार

# बच्चों ने विद्या की देवी की साधना विद्यालयों-महाविद्यालयों में आयोजन

**हिरदाराम नगर**. वसंत पंचमी पर संतनगर के विद्यालयों में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। विद्यार्थियों- शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्या की देवी की पूजा अर्चना कर विद्या का वरदान मांगा। साधु वासवानी स्कूल में विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के समक्ष कॉपी, किताब एवं पेन की पूजा अर्चना की। माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन कर आरती की। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा हर सुबह उठकर मां सरस्वती को नमन करें। विद्यालय की प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल ने विचार व्यक्त किए। छात्रा कंचन ने अपने विचार व्यक्त किए।



विद्यार्थियों ने जिसमें मां की स्तुति मां सरस्वती शारदे, प्रस्तुत की। संस्कार विद्यालय में वसंत पंचमी का पर्व मनाया गया, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव प्राचार्य आर. के. मिश्रा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। चेलानी ने कहा कि वसंत पंचमी के दिन हमें यह प्रण लेना चाहिए कि नकारत्मक विचारों को अपने ऊपर हावी नहीं होने देंगे, सकारात्मक होकर कार्य करेंगे। वासवानी ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती से बच्चों के अच्छे परीक्षा परिणाम की कामना की। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा सरस्वती पूजा की गई। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या, डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान का प्रतीक हैं, उनके आशीर्वाद बिना संसार अज्ञानता से बाहर नहीं आ सकता। इस अवसर पर विशेष पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।



## मेट्रो एंकर

### हुजूर विधानसभा में वसंत पंचमी पर विवाह सम्मेलन

# 151 विवाह हुए, अगले साल 500 युगल बंधेंगे परिणय बंधन में : रामेश्वर

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

वसंत पंचमी पर हुजूर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 151 जोड़ों ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। सम्मेलन में विधायक रामेश्वर शर्मा ने सभी नवयुगलों से संवाद भी किया। शर्मा ने कहा, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना ने उनकी चिंता को दूर कर बेटियों का विवाह कराया है। ऐसे सामूहिक विवाह न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में सामूहिकता, सहयोग और समरसता की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं।

**विधायक ने सेल्फी ली:** परिणय सूत्रों में बंधे नवदम्पतियों के साथ विधायक रामेश्वर शर्मा ने सेल्फी ली जो की सोशल मीडिया में वायरल हो गयी । विधायक शर्मा की सेल्फी पर यू?र्स बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विवाह सम्मेलन के सफल आयोजन की बधाई दे रहे है । विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की अगले वर्ष बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर ही 500 जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अगली बार और अधिक व्यवस्थाओं के साथ यह आयोजन और भव्य होगा यह संकल्प भी लिया गया।



# हर परिवार की धुरी होते हैं माता-पिता

## मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

योग वेदांत सेवा समिति द्वारा मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। समाज से वेलेंटाइन डे की गंदगी को दूर करने, युवा वर्ग एवं बच्चों में माता-पिता के प्रति आदर, सम्मान और उनके प्रति कर्तव्यो का संदेश देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती, बापू आशाराम के छायाचित्र पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी व विशिष्ट अतिथि महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी, जगदीश आसवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सह कोषाध्यक्ष माधव पारदासानी, घनश्याम लालवानी ने मालार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। चांदवानी ने कहा कि माता-पिता प्रत्येक परिवार की वह धुरी है जिसके योगदान से न केवल समाज बनता है बल्कि देश का निर्माण होता है। भारतीय संस्कृति और परंपरा में हर व्यक्ति के जीवन में माता पिता का स्थान सर्वप्रथम है। मातृ पितृ पूजन दिवस में युवा पीढ़ी को सही दिशा दी है और परिवार में प्रेम का सौंदर्य का वातावरण बनाया है। इसके पश्चात् माता-पिता की पूजा अर्चना बच्चो द्वारा की गयी। कार्यक्रम का संचालन नेना छतानी, स्वागत भाषण प्रीति आहूजा व आभार दुर्गा तेजवानी ने प्रकट किया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए तेज हुआ जमावटों का दौर !

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र भाजपा के भीतर इस वक्त नये अध्यक्ष को लेकर खासी सरगर्मी जारी है। यह सतह पर दिखाई नहीं देती लेकिन भीतर ही कई दावेदार अपने दाव आजमाने में जुटे हैं। इसमें भाजपा के दिग्गज नेताओं में शुमार नाम शामिल हैं। हालांकि अभी तक तय कुछ नहीं हुआ है।

दौड़ में सामान्य वर्ग से नरोत्तम मिश्रा, हेमंत खंडेलवाल से लेकर राजेंद्र शुक्ल, रामेश्वर शर्मा जैसे नाम भी उछलते रहते हैं। वहीं आ?दिवासी नेता सुमेर सिंह सोलंकी और फग्गन सिंह कुलस्ते जैसे नाम भी उभर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि दिल्ली में चुनाव के नतीजों के बाद मप्र भाजपा अध्यक्ष का मामला हल किया जाएगा। नरोत्तम मिश्रा तो काफी दिन से दिल्ली में ही चुनाव प्रचार कर रहे थे। इधर खंडेलवाल ने भी जमावट की है। सूत्रों के मुताबिक वे संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी से भी हाल में मिले हैं। इस बीच चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र प्रधान 5 फरवरी के बाद कभी भी मप्र आ सकते हैं, यहां वे दिग्गजों के बीच रायशुमारी करेंगे। केंद्र को फीडबैक देंगे और उसके बाद अध्यक्ष चुना जाएगा।

## 5 के बाद कभी भी मप्र आ सकते हैं चुनाव अधिकारी प्रधान




भाजपा में सामान्य वर्ग का दबदबा रहा है। सूत्रों की मानें तो वर्तमान में प्रदेश के अंदर यही समीकरण है जिसे आगे भी बनाए रखने की कवायद हो रही है। शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री रहते हुए भी सत्ता व संगठन के बीच इस फॉर्मूले पर बात आकर टिकी थी। इस फार्मूले के आधार पर सामान्य वर्ग के कई नाम सामने आये हैं। लेकिन आदिवासी मुद्दे के राजनीतिक महत्व को देखते हुए आदिवासी नेताओं के नाम भी कयासों में है। ओबीसी वर्ग से मोहन यादव मुख्यमंत्री है, इसलिए ओबीसी वर्ग के हिस्से में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का पद जाने की संभावना कम बताई जा रही हैं। हालांकि भाजपा हाइकमान की शैली में किसी चौंकाने वाले नाम के भी आसार कम नहीं है, यह बात दावेदार भी दबी जुबान स्वीकार करते हैं।

## पीएम मोदी से मिले शुक्ला



मध्यप्रदेश में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की सरगर्मी के बीच कल प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों में शुमार डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। वहीं अध्यक्ष के चुनाव में भाग लेने वाले प्रदेश प्रतिनिधियों की लिस्ट पर भोपाल में मंथन चला। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने लंबी बैठक की। प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में 400 से ज्यादा प्रतिनिधि भाग लेंगे। इनमें 4 सांसद, 16 विधायक और 230 विधानसभाओं से एक-एक प्रतिनिधि के अलावा दो-दो विधानसभाओं के क्लस्टर का एक प्रतिनिधि हिस्सा लेगा।

## अब मध्यप्रदेश की 79 हजार प्रतिभाओं को मिलेगी स्कूटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 79 हजार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। 5 फरवरी को इन विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूटी प्रदान की जाएगी। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह भी उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि मप्र शासन की ओर से शैक्षणिक सत्र 2023-24 में सरकारी स्कूलों में 12वीं कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाने वाले छात्र और छात्रा को स्कूटर निःशुल्क प्रदान किया जाता है। इसके लिए विद्यार्थियों को विकल्प भी दिया गया है। अगर कोई विद्यार्थी स्कूटर नहीं लेना चाहता है तो उसे 95 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। अगर कोई ई-स्कूटर लेना चाहता है तो उसे एक लाख 10 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे।

## चुनावों पर नजर रखने कांग्रेस के शीर्ष ग्रुप में दिग्विजय शामिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग के कामकाज की निगरानी के लिए पार्टी के आठ वरिष्ठ नेताओं का एक समूह गठित किया है। इस समूह को एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप ऑफ लीडर्स एंड एक्सपर्ट (ईएजीएलई) नाम दिया गया है। इस ईगल ग्रुप में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को शामिल किया गया है। सिंह के अलावा इस ग्रुप में अजय माकन, अभिषेक सिंघवीं, प्रवीण चक्रवर्ती, पवन खेड़ा, गुरदीप सिंह सप्पल, डॉ. नितिन राउत, चल्ला वामशी चंद रेड्डी को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि ईवीएम से चुनाव के विरोध के मामले में दिग्विजय सिंह देशभर में सबसे मुखर रहे नेताओं में शुमार हैं। लोकसभा में उन्होंने बैलेट से चुनाव की मांग की थी।

## बिजली कंपनियों ने चोरी रोकने के लिए कवायद तेज की

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के लिए खरीदी जाने वाली बिजली का एक बड़ा हिस्सा चोरी हो जाता है तो काफी हद तक तकनीकी लॉस भी होते हैं। इसकी वजह से कंपनियां गर्त में जा रही है और उपभोक्ताओं को इसके नुकसान की भरपाई करनी पड़ रही है। इस चोरी व लॉसेस को रोकने के लिए तीनों बिजली कंपनियां ट्रांसफार्मर व फीडर स्तर पर मीटर लगाने का काम कर रही है। दावा है कि ये बिजली का नुकसान रोकने में मदद करेंगे। यह काम रिवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत किया जा रहा है, जो कि काफी पहले शुरू किया जाना था। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का कहना है कि 11 हजार 516 वितरण ट्रांसफार्मर में और 7 हजार 933 फीडरों में मीटर लगा दिए हैं। उक्त् योजना के तहत 11 हजार 171 किलोमीटर निम्न दाब लाइन व 9 हजार 865 किलोमीटर उच्च दाब लाइन खींच चुके हैं। 7 हजार 34 वितरण ट्रांसफार्मर और 219 विद्युत उप केंद्र स्थापित किए हैं।

### रेलवे को नया कुछ नहीं, सीएम बोले- डेनमार्क के रेल नेटवर्क से आगे है हमारा मप्र

# पुरानी रेल परियोजनाओं के लिए 14 हजार करोड़ रुपए प्रस्तावित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र को केंद्रीय बजट में रेलवे ने एक भी नई परियोजना नहीं दी लेकिन पुरानी के लिए बीते वर्ष से 7 करोड़ रुपये अधिक दिए हैं। इस वर्ष रेलवे के हिस्से से मप्र को 14 हजार 745 करोड़ रुपये मिले हैं जबकि बीते वर्ष 14 हजार 738 करोड़ मिले थे। हालांकि सीएम मोहन यादव ने उक्त राशि मिलने पर प्रधानमंत्री व रेल मंत्री के प्रति आभार जताया और कहा कि मप्र का रेल नेटवर्क पहले ही डेनमार्क जैसे देश से अच्छा है अब उक्त राशि से निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं की गति और बढ़ेगी। यात्रियों को फायदा होगा।



## केंद्र से मिली राशि से मप्र के रेल इंफास्ट्रक्चर को मिलेगी गति, यात्रियों को होगा फायदा

### रेल कवच तकनीक पर जोर

रेलवे ने बड़ी राशि रेल कवच तकनीक के लिए दी है। असल में कवच तकनीक के तहत मप्र में 3,572 किलोमीटर रेल मार्ग पर सुरक्षा संबंधी काम स्वीकृत है। इसमें से 1,422 किलोमीटर पर काम जारी है। यह तकनीक ट्रेन संचालन के दौरान दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करती है। राज्य में 2,808 किलोमीटर रेल लाइनों का विद्युतीकरण हो चुका है। इस काम में मप्र अन्य राज्यों की तुलना में आगे है। इसके अलावा राज्य में 2,456 किलोमीटर नई पटरियों का निर्माण हुआ है।

### वीसी के जरिए रेल मंत्री ने दी जानकारी

असल में केंद्रीय बजट पर रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल मंत्रालय व सभी जोनल रेलवे के अधिकारियों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बात की, जिसमें मप्र के हिस्से में मिली राशि की जानकारी दी। वीसी में पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय, भोपाल डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी व अन्य शामिल रहे।

### यहां बनाए जा रहे अमृत स्टेशन

प्रदेश के अकौड़िया, आमला, अनुपपुर, अशोकनगर, बालाघाट, बनापुरा, बरगवां, ब्योहारी, बेरछा, बैतूल, भिंड, भोपाल, बिजुरी, बीना, ब्यावरा, छिंदवाड़ा, डबरा, दमोह, दतिया, देवास, गाडरवारा, गंजबासौदा, घोड़ाडोंगरी, गुना, ग्वालियर, हरदा, हरपालपुर, इंदौर जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, जुन्नारदेव, करेली, कटनी जंक्शन, कटनी मु?वारा, कटनी साउथ, खाचरोद, खजुराहो जंक्शन, खंडवा, खिरकिया, लक्ष्मीबाई नगर, मैहर, मक्सी जंक्शन, मंडला फोर्ट, मंदसौर, एमसीएस छतरपुर, मेघनगर, मुरैना, मुलताई, नागदा जंक्शन, नैनपुर जंक्शन, एमसीएस छतरपुर, मेघनगर, मुरैना, मुलताई, नागदा जंक्शन, नैनीपुर जंक्शन, नर्मदापुरम (होशंगाबाद), नरसिंहपुर, नेपनागर, नीमच, ओरछा, पांढुर्ना, पिपरिया, रतलाम, रीवा, रुथियाई, सांची, संत हिरदाराम नगर, सतना, सागर, सीहोर, सिवनी, शहडोल, शाजापुर, श्यामगढ़, श्योपुर कलां, शिवपुरी, श्रीधाम, शुजालपुर, सिहोरा रोड, सिंगरौली, टीकमगढ़, उज्जैन, उमरिया, विदिशा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन में 80 अमृत स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है इनकी लागत 2708 करोड़ है। जबकि ग्वालियर, खजुराहो, सतना, इंदौर, बीना और जबलपुर जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों के पुर्नविकास का काम भी तेजी से चल रहा है।

### मप्र में चल रही ये रेल परियोजनाएं

108 हजार करोड़ की 31 परियोजनाओं में तेजी आएगी। इनके तहत 5869 किलोमीटर के नए रेलवे ट्रेक का निर्माण किया जा रहा है। इसमें दूसरी, तीसरी व चौथी रेल लाइन शामिल है।

प्रदेश में 1109 फ्लाईओवर और रोड अंडर ब्रिज का निर्माण भी अंतिम चरण में है। जबकि प्रदेश के स्टेशनों पर 69 लिफ्ट, 41 ऐस्केलेटर एवं 408 स्टेशनों पर फ्री वाई-फाई सुविधाओं का विस्तार पहले ही किया जा चुका है।

14 जिलों को कवर करते हुए 4 वंदे भारत ट्रेनें चल रही है।

2708 करोड़ से 80 अमृत स्टेशनों का निर्माण चल रहा है।

## 11वीं के पेपर हुए शुरू, 9वीं की कल से परीक्षा



**भोपाल।** राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में सोमवार से कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन कक्षा 11वीं का हिंदी विषय का पेपर हुआ। कक्षा 9वीं की परीक्षाएं 5 फरवरी से शुरू होंगी। कक्षा 9वीं की परीक्षा सुबह 10 बजे और 11वीं की दोपहर 2 बजे से निर्धारित की गई है। शिक्षा विभाग ने परीक्षा व्यवस्था के लिए विशेष टीम गठित की है। मूल्यांकन फरवरी में ही शुरू होगा और परिणाम 20 मार्च के आसपास घोषित किए जाएंगे।

## नवोदय की प्रवेश परीक्षा 8 को होगी कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए जारी हुआ कार्यक्रम

**भोपाल।** रातीबड़ स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। कक्षा 9वीं -11वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा-2025 आयोजन 8 फरवरी को किया जाएगा।?यह परीक्षा भोपाल जिले में दो केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रवेश-पत्र ऑनलाइन उपलब्ध कराए गए हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय प्राचार्य ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का प्रवेश- पत्र ऑनलाइन स्वयं ही प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश-पत्र प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो दूरभाष 0755-2896325 एवं मोबाइल नंबर 95843-59571 पर संपर्क किया जा सकता है।

**मेट्रो एंकर** बंद लोक परिवहन को दोबारा खड़ा करने के लिए सरकार ने तैयार की नीति

# सड़क परिवहन निगम शुरू नहीं होगा, कंपनियां चलाएंगी बसें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



सड़क परिवहन निगम शुरू नहीं होगा, इसकी जगह सरकारी कंपनियां प्रदेश में लोक परिवहन की बसें चलाएंगी। मोहन सरकार ने इन कंपनियों को अस्तित्व में लाने वाली नई नीति तैयार कर ली है। इसे जल्द ही कैबिनेट बैठक में मंजूरी के लिए लाया जा सकता है। अभी प्रदेश के ज्यादातर रूट निजी हाथों में है, इन पर परिवहन विभाग का नियंत्रण न के बराबर है, कई जगह मनमानी चल रही है, यात्री परेशान है। दूसरे राज्यों में लोक परिवहन में सरकार की बसें है, जो यात्रियों के लिए राहत प्रदान करती हैं। मप्र भी इस दिशा में काम कर रहा है।

### ऐसी हो सकती है मोहन सरकार की नई नीति

इंदौर-उज्जैन संभाग में नए रूटों को लेकर सर्वे की प्रक्रिया तेज कर दी है। माना जा रहा है कि सरकार उक्त नीति के जरिए निजी बस ऑपरेटरों की समय-समय पर की जाने वाली हड़ताल से निपटने के विकल्पों को शामिल किया जाएगा। उन क्षेत्रों में नए रूट खोजे जाएंगे, जहां लोक परिवहन की सबसे ज्यादा जरुरत है लेकिन बसें नहीं चल रही। माना जा रहा है कि एक रूट, एक ऑपरेटर के काकश को खत्म करने के लिए कई स्तर पर काम होंगे।

## संस्कार भारती विद्यापीठ में सरस्वती पूजन व हवन



**भोपाल।** कटारा हिल्स क्षेत्र स्थित संस्कार भारती विद्यापीठ में बसंत पंचमी के अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षकाओं व विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर हवन किया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्कार भारती परिसर में वसंत पंचमी का पर्व बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। छात्रों के द्वारा मां सरस्वती की आरती एवं मंत्र उच्चारण के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्पोर्ट्स प्रमोटर पुष्पेंद्र दीक्षित, एसआई कौशलेंद्र सिंह बघेल सहित अन्य उपस्थित रहे। विद्यालय सचिव शांतनु शर्मा द्वारा अतिथियों को शाल एवं पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया एवं एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## संपादकीय

# बजट की सार्थकता

अगले वित्त वर्ष का केंद्र सरकार का बजट ऐसे समय में पेश किया गया है जब व्यापक आर्थिक हालात अनिश्चितता की गिरफ्त में हैं। तिमाहियों में देश की आर्थिक वृद्धि सुस्त देखी गई है। वैश्विक व्यापार की भविष्य की रूपरेखा भी अनिश्चित लग रही है। कोविड महामारी के दीर्घकालिक असर अब आर्थिक गतिविधियों पर नहीं दिख रहे हैं मगर भारत में सार्वजनिक ऋण के शीर्ष स्तरों पर यह अब भी देखा जा रहा है। सभी से जूझा नहीं जा सकता। इसे समझते हुए सरकार ने अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारणों को समझने एवं उन्हें दूर करने पर अपनी ताकत झोंकी है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो कर ढांचे में बदलाव से मध्य वर्ग की जेब में ठीक-ठाक रकम आ जाएगी। अधिक रकम बचने से लोगों का झुकाव खर्च करने की तरफ बढ़ेगा जिसे देखते हुए निजी क्षेत्र भी निवेश करने के लिए उत्साहित हो जाएगा। मगर हमें समझना चाहिए कि आर्थिक वृद्धि तेज करने का यह उपाय उन तरीकों से अलग है जिनका इस्तेमाल सरकार कोविड महामारी के बाद करती आ रही थी। हाल के वर्षों में बजट में सार्वजनिक क्षेत्र में पूंजीगत व्यय में काफी इजाफा हुआ है। मगर ऐसा लग रहा है कि वित्त मंत्रालय मानता है कि घरेलू मांग बढ़ाने के सीधे उपाय किए बिना काम नहीं चलेगा और वृद्धि दर में कमी का सिलसिला नहीं थमेगा। हालांकि सरकारी खजाने से जुड़े व्यापक आंकड़ों की हालत इतनी खराब नहीं है जितनी कंपनी के वित्तीय नतीजों की। इसके बावजूद सरकार ने बजट में मध्यवर्ग को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। व्यक्तिगत आयकर प्राप्तियों में लगातार बढ़ोतरी दिख रही है और कर रियायत के रूप में 1 लाख करोड़ रुपये की छूट दिए जाने के बावजूद इसमें आने वाले साल में 14 प्रतिशत का इजाफा होने की उम्मीद है। बहरहाल, बजट में दिया गया बड़ा संदेश यह है कि उपभोग बढ़ने के साथ ही आर्थिक वृद्धि पटरी पर आ जाएगी। हाल के वर्षों में व्यक्तिगत आयकरों में शानदार बढ़ोतरी को देखते हुए ही वित्त मंत्रालय ने संभवत: मध्य वर्ग को कर में बड़ी रियायत देने की घोषणा की है। अहम बात यह है कि सरकार ने राजकोषीय स्थिति पर अधिक पारदर्शिता और इसे मजबूत करने की अपनी इच्छाशक्ति का परिचय दिया है। बस व्यक्तिगत आयकर की भविष्य की दिशा को लेकर थोड़ा अंतर जरूर आया है क्योंकि बजट में प्रस्तावित कर राहत लागू करने से सरकार का गुणा-भाग जरूर बदलेगा। पिछले साल राजस्व व्यय में कमी की गई थी और इसे अंजाम देने के लिए सरकार ने आवास सब्सिडी और जल जीवन जल कार्यक्रम पर व्यय घटा दिया था। सरकार के पिछले प्रदर्शन को देखते हुए इन अनुमानों की सराहना की जानी चाहिए। हालांकि, राजकोषीय सुदृढ़ीकरण का दीर्घकालिक रास्ता थोड़ा अस्पष्ट लग रहा है। बजट में इस बात का जिक्र करना जरूरी है कि सरकार भविष्य में राजकोषीय घाटा 3 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य कैसे हासिल कर पाएगी। इस बजट से जुड़ी राजनीति में भी पारदर्शिता दिखी जो असामान्य मानी जा सकती है। सरकार ने कुछ राज्यों के लिए विशेष घोषणाएं तो की हैं मगर उनसे सरकारी खजाने पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा। कुल मिलाकर, यह बजट मध्य वर्ग के नाम रहा है और पूंजीगत व्यय जैसी चिंताओं को अधिक तवज्जो नहीं दी गई है। प्रत्यक्ष करों के तर्कसंगत बनाने के साथ कर सुधार की उम्मीद लंबे समय से की जा रही है। अब जरूरत इस बात की है कि आर्थिक वृद्धि पटरी पर लौट आए, यही बजट उपायों की सार्थकता होगी।

# लोक लुभावन भी और राजनीतिक भी

■ उमेश चतुर्वेदी

**केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा।**



बजट की तैयारियों के बीच सोशल मीडिया पर एक खबर जुगनू की तरह आई और तत्काल लुप्त हो गई थी। जिसने जुगनू के उस प्रकाश को देखा और उसके संकेतों को समझने की कोशिश की थी, उन्हें इस बात का आभास हो गया था कि आम बजट में क्या होने जा रहा है। सोशल मीडिया पर आए उस समाचार में कहा गया था कि केंद्र सरकार के प्रति मध्य वर्ग पहले की तरह उत्साही नहीं है। किंचित वह केंद्र सरकार के कामकाज और सरकार की ओर से हो रही बेरूखी से वह परेशान और निराश है। सोशल मीडिया पर मध्य वर्ग की ऐसी प्रतिक्रियाओं पर मोदी की नजर रहती है। इसे देखते हुए उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि वे लोगों से सीधा संवाद करें। सोशल मीडिया यही खबर थी। लेकिन इस खबर के संकेत साफ थे। आम बजट में मध्य वर्ग को राहत मिलने के आसार तभी दिखने लगे थे। निर्मला सीतारमण की ओर से बारह लाख 75 हजार रूपए तक की आय पर मिली आयकर छूट को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का एलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा। बजट प्रस्तावों में मखाना निकालने के काम में लगे लोगों के लिए भी सरकारी राहत की बात की गई है। यानी मखाना उत्पादक, उसके वितरक और उसके कामगार, सबको राहत और मौका देने की बात की गई है। प्रस्तावित मखाना बोर्ड की एक और जिम्मेदारी होगी। वह किसानों को प्रशिक्षण और सहयोग भी देगा। साथ ही उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाले फायदों को भी सुनिश्चित करेगा।

वैसे देखें तो मध्य वर्ग को केंद्र सरकार ने इन बजट प्रस्तावों के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का उपहार दिया है। इसमें 12 लाख 75 हजार रुपए की आमदनी वाले लोगों को जहां टैक्स में 80 हजार रुपए का फायदा हुआ है। आयकर में छूट की मांग अरसे होती रही है। पिछले कई बजट में ऐसी छूट नहीं मिलती थी तो लोग इसे लेकर निराश होते रहते थे। बहरहाल 16 लाख रुपए की आमदनी वाले लोगों को टैक्स में 50 हजार रुपए का फायदा हुआ है तो 18 लाख रुपए की आमदनी वाले को टैक्स में 70 हजार रुपए का लाभ दिख रहा है। इसी तरह 20 लाख रुपए की आमदनी वाले को 90 हजार रुपए का फायदा होगा तो 25 लाख रुपए की आमदनी वाले को एक लाख दस हजार रुपए का नए टैक्स नियमों से फायदा होगा। इसी तरह 50 लाख रुपए की आमदनी वाले को भी एक लाख दस हजार रुपए का फायदा हो रहा है। जाहिर है कि मध्य वर्ग को इससे फायदा होता नजर आ रहा है। वायस ऑफ बैंकिंग के प्रमुख अश्विनी राणा के अनुसार, टैक्स बचने से लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा आयेगा। इससे लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है।

केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। भारतीय पोस्ट यानी इंडियन पोस्ट के दफ्तरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसका लाभ भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे उद्योगों को लाभ मिलेगा। एमएसएमई को राष्ट्रीय मिशन के रूप में लिया जाएगा और नए वर्गीकरण तथा ऋण में भी बढ़ोतरी से लाभ होगा। एमएसएमई को भी क्रेडिट कार्ड देने की तैयारी है। इसके साथ ही बजट प्रस्तावों में राज्यों को शहरों में पूंजीगत योजनाओं में निवेश के लिए ऋण से जहां विकास होगा वहीं रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही, सक्षम आंगनवाड़ी 2.0 के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। ऊर्जा और जल मिशन पर भी फोकस किया गया है। रोजगार पैदा करने के लिए पर्यटन केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों का विकास अच्छा प्रयास है। सरकार ने इसी तरह बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश को 75 से 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। इससे बीमा क्षेत्र में विकास की उम्मीद है। अश्विनी राणा का कहना है कि इसके बावजूद सरकार को सचेत रहना होगा और बीमा कंपनियों को जनता को लूटने से बचाना होगा। सरकार को इसके लिए कड़ी निगरानी रखनी होगी। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए नए कोड की घोषणा शीघ्र होगी। जीवन रक्षक दवाइयों पर आयात शुल्क समाप्त करने से रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। हर जिले में कैंसर के इलाज की सुविधा देना भी बड़ा फैसला है। इसके साथ ही मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी है। आम आदमी का सपना है अपने सिर पर अपना छत होना। इस बजट के जरिए लोगों को घर खरीदने में राहत का भी ऐलान किया गया है। इससे लोगों के साथ ही रियल एस्टेट को भी फायदा होगा। जिससे निर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

बिहार का पटना हवाई अड्डा इन दिनों बेहद व्यस्त है। लेकिन वह छोटा पड़ रहा है। इसके विकास और उसकी क्षमता बढ़ाने के लिए भी बजट प्रस्ताव किया गया है। इससे देश-विदेश में काम कर रहे बिहार के लोगों को सीधे फायदा होगा और उनकी अपनी माटी से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इसके साथ ही, बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, और उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव है। इस संस्थान के जरिए समूचे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को मजबूती देने की तैयारी है। इसके द्वारा किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने की तैयारी तो है ही, उनकी आय में बढ़ोत्तरी का भी प्रस्ताव है। निर्मला सीतारमण के अनुसार, इस संस्थान के जरिए युवाओं को हुनरमंद बनाने की तैयारी है। इसके साथ ही उन्हें उद्यमिता और रोजगार प्राप्त करने के अवसर पैदा करेगा। बिहार में नए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाएंगे। इसके जरिए पश्चिमी कोसी नहर परियोजना को भी आर्थिक सहायता मदद दी जा रही है। इसके जरिए उत्तरी बिहार के 50 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सहूलियत बढ़ेगी। इससे मिथिलांचल की कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

यूं तो हर बजट सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक भी होता है। लेकिन आयकर छूट और बिहार को मिलने वाली विशेष सहायता योजनाओं के संदर्भ में यह राजनीतिक बजट भी है। हालांकि इन पंक्तियों को लिखे जाने तक किसी ने इस नजरिए से बजट पर सवाल नहीं उठाया है, लेकिन यह तय है कि इन प्रस्तावों से दिल्ली और बिहार के वोटरों को लुभाने की कोशिश की गई है।

कुल मिलाकर कह सकते हैं कि बजट के जरिए लोक को साधने के साथ ही आर्थिक स्थिति को भी बेहतर बनाने की कोशिश है। हालांकि लोगों को उम्मीद थी कि जीएसटी दरों में राहत मिलेगी, मध्य वर्ग को कर्ज मुक्ति मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। लेकिन कह सकते हैं कि यह बजट कुछ संदर्भों में लोकलुभावन है तो कुछ अर्थों में नहीं। इन अर्थों में यह राजनीतिक भी है और राजनीतिक हित साधने का साधन भी।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवि नर्मदे

■ सुरेश पचौरी

**नर्मदा भारत की सात पवित्र नदियों में एक है। पुराणों में नर्मदा को गंगा के समान पवित्र माना गया है। पौराणिक आख्यान बताते हैं कि नर्मदा प्रलय के प्रभाव से मुक्त, अयोनिजा और कुमारी है। पृथ्वी पर नर्मदा ही ऐसी एकमात्र नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। भारत की अन्य नदियों के विपरीत नर्मदा पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है। इसका एक नाम रेवा भी है।**



गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति। नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेस्मिन् सन्निधिं कुरु। नर्मदा भारत की सात पवित्र नदियों में एक है। पुराणों में नर्मदा को गंगा के समान पवित्र माना गया है। पौराणिक आख्यान बताते हैं कि नर्मदा प्रलय के प्रभाव से मुक्त, अयोनिजा और कुमारी है। पृथ्वी पर नर्मदा ही ऐसी एकमात्र नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। भारत की अन्य नदियों के विपरीत नर्मदा पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है। इसका एक नाम रेवा भी है। नर्मदा के मानस पुत्र कहे जाने वाले और तीन बार नर्मदा की परिक्रमा करने वाले प्रख्यात चित्रकार, यात्रा वृत्तांतकार और वक्ता अमृतलाल वेग? कहते हैं कि गंगा भले ही श्रेष्ठ है, ज्येष्ठ तो नर्मदा ही है। नर्मदा के तट पर मकर संक्रांति के पुण्य पर्व पर जगह-जगह मेले लगते हैं। नर्मदांचल में बसने वाले समाज की संस्कृति का दिग्दर्शन इन मेलों से होता है। इनमें जनजातीय संस्कृति, आंचलिक संस्कृति और नागर संस्कृति का परिचय मिलता है। विविधता का ऐसा सहअस्तित्व, समन्वय, सामंजस्य और समरसता भारतीय समाज और संस्कृति की गौरवशाली विरासत है। परंपरा है। नर्मदा के तट पर, विशेष रूप से जहाँ नर्मदा का प्रवाह अरण्य से गुजरता है, अतीत में वहाँ अनेक ऋषियों और मुनियों ने तपस्या की है। साधना की है। गुरुकुल बनाए हैं। समाज को अच्छा मनुष्य बनाने के संस्कारों की धारा प्रवाहित की है। नर्मदा को दक्षिण गंगा भी कहा गया है। नर्मदा को समाज ने माँ माना है। देवी स्वरूप में स्वीकारा है। उसकी पूजा की है। मनौती माँगी है। तटीय समाज में यह परंपरा है कि विवाह का पहला आमंत्रण नर्मदा जी को समर्पित किया जाता है। अमरकंटक में नर्मदा के उद्गम से लेकर भे?घाट के धुँआधार, बरमान घाट, बांद्राभान और नर्मदापुरम् का सेठानी घाट नेमावर और हंडिया, ओंकारेश्वर और महेश्वर से लेकर भरुच तक तीर्थ स्थलों की श्रृंखला विद्यमान है। यहाँ धर्म और आध्यात्म की सरिता सतत् प्रवाहमान है। एकादशी, पूर्णिमा और अमावस्या को दूर-दूर से श्रद्धालु जन नर्मदा स्नान के लिए आते हैं। ग्रीष्म, पावस, शीत कोई मौसम इस परंपरा में बाधक नहीं हो पाता। आज भी निर्जन तटों पर संन्यासियों और साधकों की कुटियाँ यत्र-तत्र दिख जाती हैं। नर्मदा जयंती पूरी नर्मदा पट्टी में उत्साह, उल्लास और आस्थापूर्वक मनायी जाती है। नर्मदा स्नान के लिए जाते पद यात्रियों और बैलगा?ियों में सवार आबाल वृद्ध नर-नारियों के कंठों से बहती आस्था की सरिता के सुर लोकमान्यताओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत करते हैं। यहाँ गाए जाने वाले लोकगीतों को बम्बुलियां कहा जाता है- नरबदा मैय्या ऐसे मिली रे, जैसे मिल गए मताई और बाप रे- यह भावनात्मक नाता है नर्मदा और उसके भक्तों का। आलेख के आरंभ में भारत की जिन सात पवित्रतम सरिताओं का उल्लेख है, वे और कुछ अन्य नदियाँ- ताप्ती, महानदी, कृष्णा, बेतवा, क्षिप्रा आदि को पूज्य माना जाता है। भारत में होने वाले चार महाकुंभों में से दो प्रयागराज और हरिद्वार गंगा तट पर होते हैं। नासिक का कुंभ गोदावरी के तट पर और अवंतिका (उज्जयिनी) का सिंहस्थ कुंभ शिप्रा के तट पर हर बारहवें वर्ष पर होता है। प्रयागराज का महाकुंभ तो समूचे विश्व का सबसे ब?ा धार्मिक, आध्यात्मिक समागम है। आस्था और पूजन की चरम मान्यता के बावजूद यह स्पष्ट है कि जो गौरव नर्मदा जी को प्राप्त है वह अन्य पवित्र सरिताओं के हिस्से में नहीं आया है। नर्मदा एकमात्र ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। वर्तमान युग में वाहनों से परिक्रमा की जाने लगी है। पैदल परिक्रमा में भी नर्मदा में विलीन होने वाली सहायक नदियों को लाँघ लिया जाता है। इससे 7-8 महीने में परिक्रमा पूरी हो जाती है। जबकि नर्मदा परिक्रमा का मूल स्वरूप मार्कण्डेय परंपरा में मिलता है। इस परिक्रमा में तीन वर्ष, तीन माह , तीन दिन लगते हैं। जिन-जिन सहायक नदियों का नर्मदा से संगम होता है, उन्हें लाँघा नहीं जाता बल्कि उनकी भी परिक्रमा करते हुए परकम्मावासी नर्मदा परिक्रमा को पूर्णता प्रदान करते हैं। यह भक्ति और शक्ति का अनूठा उपक्रम है जो आदिकाल से निभाया जा रहा है। नर्मदा परिक्रमा की एक और विशेषता है। परकम्मावासी बीच में जहाँ कहीं भी विश्राम करते हैं वहाँ उनके लिए ठहरने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था होती है। कोई पीठ पर सामान लादकर नहीं चलता। जहाँ धर्मशाला आदि नहीं होतीं वहाँ गाँव वाले अपने घरों की दहलान में या गाँव के मंदिर में ठहरने और भोजन की व्यवस्था अपना कर्त्तव्य मानकर करते हैं। ठहरने के ठिकानों पर भजन कीर्तन से भक्ति रस की सरिता बहती है। यह भारतीय संस्कृति में विद्यमान सामुदायिक जीवन प्रणाली अन्यतम उदाहरण है जो अन्य किसी भी संस्कृति में दुर्लभ है।

नर्मदा को मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी माना जाता है। नर्मदा के आँचल में आरोग्य और स्वास्थ्य प्रदान करने वाली ज?ी बूटियों का दुर्लभ खजाना है। नर्मदा जल के कारण ही नर्मदा घाटी की भूमि उर्वर है। नर्मदा मानव, पशु-पक्षियों, खेती-किसानी, वन, कल कारखानों की अपरिहार्य आवश्यकता की पूर्ति करती है। खनिज पदार्थों का बाहुल्य भी नर्मदा के वनों और पर्वतों में विद्यमान है। किसी समाज के जीवन यापन और विकास के लिए जल की उपलब्धता बुनियादी शर्त है। यही जीवन का आधार भी है। भारत में आदिकाल से यह लोकमान्यता व्यवहार में है कि जल ही जीवन है। यह हमारे लिए नारा नहीं अपितु जीवन मंत्र है। ऐसी लोकहितैषी, जीवनदायिनी, समृद्धिप्रदायिनी नर्मदा मैय्या को हम बारम्बार प्रणाम करते है।

**(लेखक पूर्व केन्द्रीय मंत्री रहे हैं।)**

**ईर्ष्या में तम ही तम नहीं होता, कुछ सत् भी होता है।**
**- प्रेमचन्द**

## आज का इतिहास

- 1620- हंगरी के प्रिंस बेथलेन और रोम के सम्राट फर्डीनेंड द्वितीय के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1628- शाहजहाँ को आगरा में मुग़ल बादशाह का ताज पहनाया गया।
- 1783- इटली के कैलब्रिया में आये भीषण भूकंप में 50 हजार लोग मारे गये।
- 1797- इक्काडोर की राजधानी क्वीटो में आये विनाशकारी भूकंप में 41 हजार से अधिक लोग मारे गये।
- 1847- मैरीलैंड में अमेरिका की पहली टेलीग्राफ कंपनी की स्थापना की गयी।
- 1881- लोकमान्य तिलक के संपादन में दैनिक समाचार पत्र केसरी का पहला अंक आया था।
- 1895- अमेरिका के शिकागो में पहले रोलिंग लिफ्ट पुल का उद्घाटन हुआ।
- 1920- लंदन से दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली विमान सेवा शुरू।
- 1924- महात्मा गाँधी को उनका ख़राब स्वास्थ्य होने के कारण समय से पहले ही जेल से रिहा कर दिया गया।
- 1932- न्यूयार्क के लेक प्लेसिड में तीसरे शीतकालीन ओलंपिक का शुभारंभ।
- 1948- सिलोन (अब श्रीलंका) को ब्रिटेन से आजादी मिली।
- 1965- अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।

## निशाना

### काण्ड भी तमाम !



-कृष्णेन्द्र राय

**जैसी करनी वैसी भरनी ।**
**खाए खूब मलाई ।।**
**पर आए थे करने ।**
**जनता की भलाई ।।**
**तय मिलना परिणाम ।**
**पेश किया जो काम ।।**
**सत्य है पर लेकिन ।**
**काण्ड भी तमाम ।।**
**एक एक कर चीजें ।**
**बाहर आने वाली ।।**
**हो रहा कुछ सूखा ।**
**थी पहले हरियाली ।।**
**होना था प्रहार ये ।**
**आज नहीं तो कल ।।**
**फंस गई है गाड़ी ।**
**लगता मुश्किल हल ।।**

## आज मोरछली चौक से निकाली जाएगी नर्मदा मैया की शोभा यात्रा



नर्मदापुरम। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री गणेश नर्मदा साईं शंकर लक्ष्मी मंदिर मोरछली चौक पर मां नर्मदा जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। सोमवार को मां नर्मदा का हवन शांति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. आज दोपहर 3ः00 बजे मां नर्मदा की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो कि शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई सेठानी घाट जल मंच पर पहुंचेगी। जिसमें सभी धर्म प्रेमी शामिल होते हैं। आयोजन समिति ने धर्म प्रेमी बंधुओ माता बहनों से हमारा निवेदन है अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## पंचवटी सिद्ध धाम में भगवान भोलेनाथ का हुआ मनमोहक श्रृंगार




तेंदूखेड़ा। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर नगर के पंचवटी सिद्ध धाम में भगवान भोलेनाथ का मनमोहक श्रृंगार किया गया। दोपहर में महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके अलावा शाम के समय भगवान की महाआरती की गई साथ समस्त भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया गया। भगवान भोलेनाथ का मनमोहक श्रृंगार देखने के लिए नगर के लोगों का तांता लगा रहा। सभी ने एक दूसरे को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी।

## मां सरस्वती ज्ञान, संगीत और संस्कृति की दात्री हैं, बच्चों-शिक्षकों ने किया पूजन



गंजबासौदा। स्थानीय सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेंडरी स्कूल में बसंत उत्सव का सामूहिक धूमधाम से आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के बच्चों एवं शिक्षक परिवार ने कतारबद्ध होकर मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया। मां सरस्वती की वंदना कर हृदयों में ज्ञान का प्रकाश फैलाने की कामना की। इस अवसर पर संस्था की प्रबंधक सुधा यादव ने बच्चों को समझाया, कि मां सरस्वती ज्ञान, संगीत और संस्कृति की दात्री हैं। छात्र जीवन और ज्ञान के आकांक्षी व्यक्ति के लिए मां सरस्वती की आराधना करना चाहिए। कार्यक्रम के शुभारंभ में संस्था डायरेक्टर केएस यादव , प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। शिक्षक परिवार और बच्चों ने बसंतोत्सव और महाकवि निराला की कविताओं का मधुरम पाठ किया। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

## फलों के राजा की दस्तक बौर से लदे पेड़ दे रहे खुशबू



तेंदूखेड़ा! प्रकृति में बसंती बहार छाने लगी है आमतौर पर बसंत ऋतु फरवरी और मार्च के महीनों में होती है बसंत ऋतु की शुरुआत माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी बसंत पंचमी से मानी जाती है यह तिथि आज 3 फरवरी को है इसके चलते मौसम में बदलाव आने की शुरु हो गए हैं ठंड कम होने लगती है और हल्की गर्मी का एहसास होने लगा है इस दौरान पेड़ पौधों पर नई कोपलें और फूल आते हैं दिखने लगे हैं जिससे वातावरण खुशगवार होता जा रहा है बसंत के आगमन की तैयारी में आम के पेड़ बौर से लद गए हैं जिससे बगानों में नई रौनक आ गई है यह नजारा नगर के वार्ड क्रमांक 9 का है जो आम के मंजरी की मीठी खुशबू हवा में घुलकर गर्मी की दस्तक का एहसास करा रही हैं बौर से लदे आम के पेड़ न केवल प्रकृति की सुंदरता को बढ़ा रहे हैं बौर की खुशबू गर्मियों में स्वादिष्ट आम के आने का संकेत दे रही है

### दुकानदारों को हिदायत, फिर गंदगी मिली तो सख्त कार्रवाई

# गंदगी और अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर लगाया जुर्माना

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

इटारसी। नगर पालिका के अमले ने सोमवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा के नेतृत्व में बाजार में हद से बाहर सामान रखकर व्यवस्था बिगाड़ने और नालियों में डिस्पोजेबल भरकर ड्रेनेज सिस्टम बिगाड़ने वाले दुकानदारों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की। नगर पालिका के अमले ने एक दर्जन से अधिक दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई की तथा जुर्माना वसूल किया।

सीएमओ ऋतु मेहरा के नेतृत्व में नगर पालिका का अतिक्रमण विरोधी अमला तथा स्वच्छता विभाग का अमला बाजार में निकला। लक्ष्य था, गंदगी करने वालों और अपनी दुकान की हद से बाहर तक सामान रखने वाले दुकानदारों का कार्रवाई करना और समझाईश देना। नपा की टीम को स्थिति देखकर एक दर्जन से अधिक जगह चालानी कार्रवाई करने को मजबूर होना पड़ा। सीएमओ श्रीमती मेहरा के साथ अतिक्रमण अमला प्रभारी रत्नेश पचौरी, उपयंत्री सुरेन्द्र रावत, स्वच्छता विभाग से कमलकांत बड़गोती, राजस्व विभाग से वीरा अहिरवार, प्रकाश चौधरी व अन्य मौजूद थे।

**सीएमओ मेहरा के नेतृत्व में बाजार में निकला नगर पालिका का अमला**

### नालियों में भरे पड़े थे डिस्पोजेबल

नगर पालिका के स्वच्छता, राजस्व और अतिक्रमण अमले की इस संयुक्त कार्रवाई में नालियों में बड़ी संख्या में जिन दुकानदारों के सामाने डिस्पोजेबल मिले, उन पर पांच-पांच सौ रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। ऐसे दुकानदारों को हिदायत दी गई कि आगे से ऐसा मिला और और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनको अपनी दुकान के आसपास सफाई रखने और डस्टबिन रखने की समझाईश दी गई। उनको कहा गया कि जो भी ग्राहक गंदगी करते हैं, उनको भी समझाया जाए कि कचरा केवल डस्टबिन में ही डालें, सड़क पर फैलाकर गंदगी न करें।



### इन जगह चलाया अभियान

नगर पालिका ने भारत टाकीज के पास स्थित बाजार से अभियान की शुरुआत की। इसके बाद यह टीम भारत टाकीज से फल बाजार, फिर पुराना फल बाजार होकर पोस्ट आफिस के पास वाली गली से होकर चिकमंगलूर चौराह होकर अन्नपूर्णा मार्केट (पूड़ी लाइन) पहुंचा। यहां भैरवबाबा मंदिर के पास स्थित एक चाय की दुकान वाले के यहां बड़ी मात्रा में डिस्पोजेबल सड़क तथा नालियों में भरे पड़े थे। इसके अलावा एक नाश्ते की दुकान पर भी बड़ी मात्रा में गंदगी थी। दोनों दुकानदारों को 5-5 सौ रुपए की चालानी कार्रवाई के अलावा समझाईश गई।

### पंद्रह चालान काटे, 4 हजार वसूले

नगर पालिका के स्वच्छता अमले ने गंदगी करने वालों तथा अतिक्रमण विरोधी अमले ने दुकानों की सीमा से बाहर आकर अतिक्रमण कर ट्रैफिक तथा बाजार व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान करीब पंद्रह दुकानदारों पर व्यवस्था बिगाड़ने पर जुर्माना किया गया। इन दुकानदारों में दो पर गंदगी फैलाने पर पांच-पांच सौ रुपए तथा शेष दुकानदारों पर दो-दो सौ रुपए का जुर्माना किया गया है। इनमें गंदगी फैलाने, अतिक्रमण करने, डस्टबिन नहीं रखने आदि के लिए की गई कार्रवाई शामिल है।

### इनका कहना है

शहर की सफाई व्यवस्था के लिए नगर पालिका पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है। अपना शहर साफ, स्वच्छ रहे और स्वच्छता में उसकी एक पहचान बने, इसके लिए न सिर्फ नगर पालिका बल्कि नागरिकों का भी प्रयास होना चाहिए। नागरिकों के सहयोग से ही शहर को साफ-सुथरा बनाये रखने में मदद मिलेगी। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे स्वच्छता बनाने में नगर पालिका परिषद का सहयोग करें।

-**पंकज चौरे**, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद इटारसी*

शहर को आने वाले दिनों में स्वच्छता की परीक्षा देना है, हमें अपना शहर साफ-सुथरा रखना है जिससे न केवल स्वच्छता में हम अव्वल आएं, बल्कि सफाई के कारण किसी प्रकार के कारण रोग न पनपें। नपा अपने संसाधनों से प्रयास कर रही है, नागरिकों को अपने शहर को साफ-सुथरा बनाये रखने के लिए सहयोग करना चाहिए।

श्रीमती ऋतु मेहरा, सीएमओ

## विप्र महासभा ने किया भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला का स्वागत

नर्मदापुरम। सर्व विप्र महासभा द्वारा भारती जनता पार्टी की नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला एवं पवन शुक्ला का भव्य स्वागत किया गया.इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा संगठन के भगवान परशुराम के झंडे एवं दुपट्टा का अनावरण किया गया। साथ में सर्व विप्र महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश दुबे, संभागीय अध्यक्ष के एन मिश्रा संरक्षक आलोक शर्मा एवं शैलेन्द्र तिवारी के द्वारा स्वागत अभिनंदन में विप्र समाज के द्वारा आयोजित ब्राह्मण महाकुंभ एवं परिचय सम्मेलन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। शुक्ला को जिला अध्यक्ष बनने पर भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व का आभार जताया।

## नगर पालिका ने कराया मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 12 कन्याओं का विवाह

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अतंर्गत निर्धन एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सोमवार को बसंत पंचमी के अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटैल मांगलिक भवन में 12 कन्याओं का विवाह सम्पन्न हुआ। इस दौरान वैवाहिक कार्यक्रम में शासन द्वारा निर्धारित कन्याओं को उपहार के रूप में 49000 की राशि वधु के खाते में चेक से प्रदान की गई।



विवाह कार्यक्रम की शुरूआत में सुबह 11.00 बजे नगरपालिका का शिवराज पार्क से बारात भव्य रूप से निकाली गई जिसमें ढोल नगाड़ों एवं पटाखों/आतिशवाजी के साथ बारात विवाह स्थल मांगलिक भवन पर पहुंची जहां वर-बधुओं का विवाह पंडित द्वारा विधि विधान से सम्पन्न कराया गया। सभी वर बधुओं की वरमाला स्टेज पर कराई गई। विवाह सम्पन्न के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पार्षद वरिष्ठ नगर के नागरिकों के साथ जनप्रतिनिधि, विभिन्न समाजों के दानदाता, नगर की महिला संगठन, तथा समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा उपहार के रूप में सामग्री एवं विवाह सर्टिफिकेट के साथ आशीर्वाद के रूप में कन्याओं को उपहार स्वरूप ट्राली बेग, वर्तन, दीवाल घड़ी, कपड़े, पर्स, विस्तर, जेवर, इलेक्टानिक्स पानी केन, बिस्तर रजाई, घड़े, कुकर, कपड़े चादर तकिया, कंबल, आदि 40 तरह के गृहस्थी के समान आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गई सभी पर हृदय अतिथियों, बरातियो,वर वधु पक्ष के उपस्थित महानुभावों, दानदाताओं, सभी को भोजन की व्यवस्था नगर पालिका कर्मचारी संघ द्वारा कराई गई।इसके साथ ही विदाई के समय मध्य प्रदेश के इतिहास में पहली बार दूल्हा दुल्हनों को अध्यक्ष एवं पार्षद की तरफ से गाय माता भी दान स्वरूप प्रदान की गई।

अंत में नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन द्वारा सभी का हृदय से कार्यक्रम की सफलता पर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

## शिवसेना का सदस्यता अभियान शुरु, कार्यकारिणी हुई गठित



गंजबासौदा। काली पठार पर शिवसेना की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी दिनों में होने वाले आयोजनों की रूपरेखा तैयार की और जिम्मेदारी भी सौंपी गई । इसके साथ ही शिवसेना कार्यकारिणी एवं सदस्यता अभियान शुरुकर नवीन पद दिए गए। जिसमें बहलोट अध्यक्ष सुमित कुशवाहा ,उपाध्यक्ष बृजेश कुशवाहा नई दिल्ली उपाध्यक्ष अमित अहिरवार, मत्री भगवान सिंह कुशवाहा, सचिव संजय अहिरवार को बनाया गया। बैठक में उपस्थित युवा शिवसेना जिला अध्यक्ष विजेंद्र देवा लोधी, युवा शिवसेना जिला उपाध्यक्ष धन सिंह कुशवाहा, जिला महामंत्री जितेंद्र कुशवाहा सहित शिवसेना के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में 50 से अधिक लोगों ने शिवसेना की सदस्यता भी ली। इस अवसर पर शिवसेना के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एस पी एम के मान्यता चुनाव में मजदूर संघ ने जीत हासिल की



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रतिभूति कागज कारखाना पेपर मिल में हुए मान्यता के चुनाव में चार यूनियन ने भाग लिया। जिसमे सर्वाधिक मत प्राप्त कर बीएमएस (भारतीय मजदूर संघ) ने प्रचंड बहुमत से विजय हासिल की। विजय प्रत्याशियों ने बताया यह जीत एसपीएम के प्रत्येक कर्मचारीयो की जीत है। एसपीएम के मुख्य द्वार पर समस्त कर्मचारियों ने मिलकर जीत का जश्न मनाया।

**मेट्रो एंकर** आस्था - नर्मदा जन्मोत्सव को लेकर युवाओं में उत्साह

# मॉ नर्मदा देती है खुशहाली इन्हें स्वच्छ बनाना हमारी जिम्मेदारी



**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

मॉ नर्मदा मोक्षदायिनी है जिनके दर्शन मात्र से ही जीव के पापों का हरण हो जाता है यही कारण है कि मॉ नर्मदा के प्राकट्योत्सव पर मॉ नर्मदा के भक्त उनकी भक्ति में डूबे हुए हैं मां नर्मदा के प्राकट्योत्सव पर सभी जगह और नर्मदा तटों पर भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित होने जा रही है। आज जबलपुर में मां नर्मदा के सभी तट आस्था से सराबोर होंगे। तेंदूखेड़ा में भी माता के प्रति अथाह श्रद्धा की छटा दिखाई देगी तेंदूखेड़ा के युवाओं द्वारा भी आज मंगलवार की सुबह मां नर्मदा के तट पहुंचकर पूजा अर्चना ओर साफ सफाई करने का संकल्प लिया है और महापर्व की पूर्व संध्या को महाआरती में शामिल होकर अपने आपको भक्तिमय होंगे। नर्मदा जन्मोत्सव को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। हजारों की संख्या में श्रंद्धालु सुबह नर्मदा के तट पहुंचकर पूजन अर्चन करेंगे। जबलपुर के गौरीघाट, तिलवारा घाट ,भेड़ाघाट सहित सभी स्थानों ओर जहां से मां नर्मदा बहती चली आई है। जन्मोत्सव के लिए सभी घाटों पर आकर्षक साज सज्जा की गई है।

### हम सौभाग्यशाली है कि मां नर्मदा के तट के किनारे रहते हैं

मॉ नर्मदा के भक्त राहुल लोधी कहते हैं कि पुण्य सलिला जीवनदायिनी माँ नर्मदा की अविरल धारा हमें जीवन देने के साथ ही हमारे जीवन में समृद्धि और खुशहाली देती है। हम सौभाग्यशाली हैं कि माँ के तट के किनारे हमें रहने का अवसर मिला है। इसलिए उनके प्राकट्योत्सव पर हमें मिलकर संकल्प लेना होगा कि माँ नर्मदा को स्वच्छ और निर्मल रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।



-राहुल लोधी ठाकुर

नर्मदा जयंती पर घाटों की साफ सफाई के साथ ही जलीय जीव जंतुओं के जीवन को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं को स्वविवेक से प्लास्टिक, पन्नी आदि से दूरी बना लेना चाहिए दीपदान के लिए आटा, मिट्टी आदि इको फ्रेंडली द्वीपों का ही प्रयोग करना चाहिए



-रजनी श्रीवास्तव

मॉ नर्मदा के जन्मोत्सव पर अपने परिवार के साथ डुबकी लगाकर मां का आशीर्वाद लूंगी और रात में रुक कर मां की महाआरती का धर्मलाभ अर्जित करुंगी और जबलपुर शहर में जगह जगह मां की शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें शामिल होंगी



-गुड़िया ठाकुर



आज अपनी फैमिली के साथ सुबह गौरीघाट जाकर मां नर्मदा का पूजा अर्चना करुंगी दीपदान करके मां का आशीर्वाद लूंगी और अपनी परिवार के साथ महाआरती में शामिल होऊंगी।

-भूमिका यादव

नर्मदा मैया के तटों को हरा भरा बनाने का सभी को संकल्प लेना चाहिए, नर्मदा को प्रदूषण मुक्त रखने व नर्मदा तटों को हरा भरा रखने के लिए पौधारोपण करना चाहिए



-अनुप्रिया रजक

मां नर्मदा के पावन जल को पवित्र रखने के लिए जरूरी है कि इसमें डुबकी लगाने वाले समस्त श्रृद्धालु साबुन, शैंपू जैसे हानिकारक डिटर्जेन्ट का प्रयोग बिल्कुल ना करें इसके घाटों पर कपड़ा धोना, जानवरों को नहलाना और प्लास्टिक को प्रतिबंधित कर घाटों पर साफ-सफाई बनाएं रखें



-रुपाली केवट

मॉ नर्मदा के दर्शन मात्र से ही सब दुख दर्द दूर हो जाते हैं मैं जब भी मां नर्मदा के तट पर जाता हूँ, वहाँ के तटों को स्वच्छ रखने की पूरी कोशिश करता हूँ आस्था के साथ स्वच्छता का ख्याल भी हमें रखना चाहिए। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। हर व्यक्ति जागरूक होगा तो हम तटों को पूरी तरह स्वच्छ रख पाएँगे



-विशाल केवट तेन्दूखेड़ा

# तीर्थ क्षेत्र सेमलखेड़ी में हुआ वसंत मेले का शुभारंभ विधायक भी हुए शामिल





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

तारण तरण स्वामी की तपोभूमि एवं क्षेत्र के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल सेमलखेड़ी में तीन दिवसीय बसंत पंचमी मेले का शुभारंभ हुआ। तारण समाज द्वारा आयोजित होने वाले इस मेले में देश भर से शामिल होने जैन श्रद्धालुओं द्वारा परंपरागत रूप से आयोजित होने वाले इस मेले में क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा ने भी सहभागिता की ।

यहां तारण तरण स्वामी के मंदिर में ग्रंथों के दर्शन करने के उपरांत आयोजक परिवार ने विधायक शर्मा का सम्मान भी किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को बसंत पंचमी मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सागर के श्रीमंत परिवार संत भगवान तारण तरण स्वामी की तपोभूमि पर प्रत्येक वर्ष मार्गदर्शन सहयोग करते हैं। में इस वर्ष के मेले के आयोजक परिवार का भी अभिनन्दन करता हू तथा दूर सुदूर क्षेत्रों से भी पधारे आगंतुक श्रद्धालुओं का स्वागत करता हूं। संत तारण तरण ने अपने मामाजी की हवेली में रहकर पवित्र ग्रंथों की रचना की । अहिंसा को मानने वाले हमारे समाजजन इन ग्रंथों को पूजते हे तथा अपनी जीवन पद्धति को धर्म का अनुसरण करके जीते हैं। हमारे सिरोंज का शनिचरा परिवार एवं यहां की पूरी तारण तरण समाज हमारे क्षेत्र की इस ऐतिहासिक तीर्थ की धर्म स्थली को संरक्षित करने के साथ इसका सुचारू रूप से संचालन करते हैं। उन्होंने संत स्वामी से प्रार्थना करते हुए क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि हम सदैव जीव मात्र के कल्याण करने के लिए काम करते रहेंगे। इस अवसर पर आयोजक परिवार के साथ,सूर्यकांत तारण,धनकुबेर तारण,पारस तारण,अनुराग तारण सहित बड़ी संख्या में तारण तरण समाजजन उपस्थित रहें।

### कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान नाराजगी जाहिर की

# सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों की शिफ्टिंग कर विलम्ब करने वालों को शोकॉज नोटिस

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों को गंभीरता से नहीं लेने, एक विभाग से दूसरे विभाग को शिफ्ट करते रहने के कारण शिकायत सौ दिवस की हो जाने संबंधी कार्यो पर असंतोष जाहिर करते हुए संबंधित विभागो के अधिकारियों को प्रथम चरण में शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए उन सबको सचेत करते हुए चेतावनी दी है कि सुधार परलिक्षित नहीं होने पर निलबंन व आर्थिक दण्ड दोनो कार्यवाहियां प्रस्तावित की जाएगी उक्त आश्य के निर्देश लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में दिए है।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में दर्ज सीएम हेल्पलाइन की पांच प्रमुख ऐसी शिकायते जिनका निराकरण एल वन स्तर पर होना था किन्तु एल वन के द्वारा निराकरण की जगह दूसरे विभाग को शिफ्ट कर दी फिर दूसरे विभाग ने तीसरे को शिफ्ट कर दी और तीसरे ने फिर पहले विभाग को शिफ्ट कर दी। इस प्रकार शिकायत निराकरण की जगह इधर उधर शिफ्ट होती रही है ऐसी कार्य प्रणाली को क्रियान्वित करने वाले सभी जिला खण्ड व एल वन स्तर के अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी किए गए है।

कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी अभिव्यक्त करते हुए सभी विभागो के जिलाधिकारियों व खण्ड स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय, तालमेल की भावना इस प्रकार के आवेदनों में कही भी परलिक्षित नहीं हो रही है एक आवेदन को निराकरण की जगह उससे बचते फिर रहे है। यह अधिकारियों की कार्यप्रणाली को प्रश्न चिन्हित करती है।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागो के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि अब से कोई भी सीएम हेल्पलाइन की शिकायत विभाग से संबंधित नहीं है। इसलिए संबंधित विभाग को हस्तांतरित की जानी है। उपरोक्त समुचित कार्यवाही जिलाधिकारी से नोटशीट पर अनुमोदन प्राप्ति के उपरांत ही एलवन स्तर के अधिकारी अन्यत्र विभाग को शिफ्ट करेंगे।



जिलाधिकारी का यह नैतिक दायित्व होगा कि शिकायत यदि जिला स्तर पर किसी अन्य विभाग से संबंधित है तो उस विभाग के जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर निराकरण कराएंगे ना कि शिफ्टिंग करेंगे। ऐसी शिकायत जो जिले से संबंधित नही है वह शिकायत समय सीमा अवधि में अन्यत्र विभाग को प्रेषित करने की कार्यवाही क्रियान्वित की जाए इस प्रकार की समुचित कार्यवाही की जानकारियां सीएम हेल्पलाइन जिला नोडल अधिकारी के संज्ञान में अनिवार्य रूप से लाई जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की पांच प्रमुख शिकायते जो कार्य क्षेत्र से बार-बार बाहर होने से संबंधित थी जिनकी टीएल बैठक में समीक्षा की तदानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग की शिकायत का प्रारूप बच्चो को विशेष पोषण आहार, टेक होम राशन ना मिलना, सांझा चूल्हा से संबंधित शिकायत जिसमें रसोईया का मानदेय, भुगतान ना होना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के नल जल योजना से संबंधित शिकायत ग्राम पंचायत ऊहर के सचिव के प्रतिवेदन अनुसार नलजल योजना, ग्राम पंचायत को हस्तांतरित नहीं की गई है और बंद है जबकि विभाग हस्तांतरित करना बता रहा है। तकनीकी शिक्षा विभाग से संबंधित बच्चों की समग्र आईडी पूर्व में बनी है किन्तु पोर्टल पर मेप नहीं हो रही है जबकि विभाग का कहना है कि बनी नहीं है। इसी प्रकार खाद्य आपूर्ति विभाग की शिकायत नवीन पात्रता पर्ची पर समग्र आईडी दर्ज है किन्तु सत्यापन नहीं होने से राशन प्राप्त नहीं हो रहा हैं। वहीं पंचायत से संबंधित शिकायत को विदिशा नगरपालिका हस्तांतरित करना इत्यादि शामिल है।

लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन तहत पचास दिवस तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के 3698, राजस्व के 752, स्वास्थ्य विभाग के 702, खाद्य विभाग के 384, गृह के 289, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के 206, स्कूल शिक्षा विभाग के 201, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 152, नगरीय विकास एवं आवास के 77, सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग के 37, कृषि विभाग के 36, सामान्य प्रशासन के 30, श्रम के 26 और उच्च शिक्षा के 23, पिछडा वर्ग के 22, सहकारिता के 19, पीएचई के 23, जल संसाधन के 18, ऊर्जा विभाग के 11 आवेदन लंबित है।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभागवार साप्ताहिक निराकरण के लक्ष्य तय कर विभागो के अधिकारियो को निर्देशित किया है कि लक्ष्य से कम निराकरण पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार सौ दिवस, सीपी ग्राम के आवेदनो की समीक्षा की गई है इसके अलावा जिन बिन्दुओं की समीक्षा टीएल बैठक में की गई है उनमें राजस्व वसूली, खाद, बीज की आपूर्ति, जल जीवन मिशन के कार्य, आकांक्षी जिला व खण्ड के कार्य, स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष्मान पखवाडा, पेंशन प्रकरण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न का उठाव, जिले में अवैध खनिज, मदिरा के परिवहन, विक्रय पर कायवाही, आंगनबाडी भवनो, सीएम राइज भवनो के निर्माण कार्य, गर्भवती माताओं का पंजीयन, संजीवन क्लिनिक, जीर्णशीर्ण शाला भवनो के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही, पीएम विश्वकर्मा योजना, स्वामित्व योजना, शून्य प्रवेश शालाओं की समीक्षा, उपार्जन कार्यो की समीक्षा, शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाने के कार्य, दिव्यांग छात्रों के प्रमाण पत्रो की संवीक्षा, आंगनबाडी केन्द्रो के पहुंच मार्ग के अतिक्रमण को हटाने, शासकीय निर्माण कार्यो के लिए भूमि आवंटन इत्यादि एजेण्डा बिन्दुओं पर समीक्षा की गई है।

कलेक्टेउट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर द्वय श्रीमती मोहिनी शर्मा, सुश्री निकिता तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्री पंकज जैन के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहें। वहीं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

**आठ अधिकारियों को शोकॉज नोटिस**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के निराकरणो के प्रति गंभीर ना होने, दूसरे विभागो को आवेदन हस्तांतरित करने वाले विभागो के अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है उनमें नटेरन बीआरसी ईश्वरप्रसाद शर्मा, बीईओ ग्यारसपुर जीएफ मिंज, जनपद सीईओ ग्यारसपुर जितेन्द्र कुमार जैन, बासौदा जनपद पंचायत सीईओ भगवान सिंह राजपूत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बासौदा के सहायक यंत्री अमर दाहिया, वन विभाग विदिशा की परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती मुस्कान शिवहरे, नटेरन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमती मीना सोनी और जनपद पंचायत नटेरन सीईओ जितेन्द्र सिंह धाकरे शामिल है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का क्रियान्वयन

**सिरोंज।** विदिशा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का क्रियान्वयन विदिशा जिले में किया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत विदिशा जिले के चार विकासखंड के कुल 86 ग्रामों को इसमें सम्मिलित किया गया है। जिसमें बासौदा विकासखंड के सर्वाधिक 79, लटेरी के 4, ग्यारसपुर के 2, और सिरोंज का 1 गांव शामिल है। इन सभी 86 ग्रामों में 20088 अनुसूचित जनजाति की संख्या है तथा 4070 अनुसूचित जनजाति परिवारों की संख्या है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 18 विभागों की 25 योजनाएं क्रियान्वित हैं।

जिला संयोजक श्रीमती पारुल जैन ने बताया कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत हितग्राही मूलक योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत आधार कार्ड के निर्धारित 14867 लक्ष्य पर 13441 नागरिकों के आधार कार्ड बनाए जाकर उपलब्धि हासिल की गई है। आयुष्मान योजना में 15175 लक्ष्य पर 11268 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। समग्र आईडी के 14573 के लक्ष्य के विरुद्ध 14099 हितग्राहियों की समग्र आईडी जनरेट की गई है। जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले में 13044 लक्ष्य के विरुद्ध 6217 हितग्राहियों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जा चुके हैं।

## कार्यभार ग्रहण किया

सिरोंज। विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह से सौजन्य भेंट करने के उपरांत विदिशा जिला पंचायत के नवागत सीईओ ओपी सनोडिया ने सोमवार की अपरान्ह कार्यभार ग्रहण किया है। गौरतलब हो कि सनोडिया पूर्व में मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन मुख्यालय भोपाल से सोमवार की पूर्वान्ह कार्य मुक्त होने के उपरांत नवीन पदस्थापना स्थल पर अपने कर्तव्य पर उपस्थित हुए है। नवागत सीईओ सनोडिया ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जिला पंचायत की विभिन्न शाखाओं के कार्यो की जानकारियां शाखा प्रभारी नोडल अधिकारियों से संवाद कर जानी है।



# जूना पीठाधीश्वर के साथ शंकरदूत के रूप में सिरोंज के रूद्रेश ने किया अमृत स्नान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



सनातन वैदिक संस्कृति और आध्यात्मिक प्रतिमानों की श्रेष्ठ अभिव्यक्ति महाकुम्भ 2025 प्रयागराज के अंतर्गत सोमवार को वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर अनन्तश्री विभूषित स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी महाराज के नेतृत्व में लाखों यातियों, नागा साधुओं-संन्यासियों और साधकों ने अमृत स्नान किया, उन्हीं के साथ सिरोंज के रुद्रेश रघुवंशी ने भी शंकरदूत के रूप मे स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। महाकुंभ मेला के सेक्टर 18 में मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा संचालित आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के एकात्म धाम परिसर में रुद्रेश रघुवंशी शंकरदूत के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे है, रूद्रेश वर्तमान में काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में न्याय विषय में शास्त्री की पढ़ाई कर रहे हैं एवं कुछ माह पहले उन्होंने संस्कृति विभाग के अद्वैत जागरण युवा शिविर में भी सहभागिता की थी।

## पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में नवीन और ग्यारहवीं कक्षा की रिक्त सीटों पर होगा प्रवेश

**सिरोंज।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में कक्षा 9वीं एवं 11 व में रिक्त हुई सीटों के लिए लेटरल प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में आयोजित की जाएगी स कक्षा 9 वीं के लिए पी.एम.श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद एवं कक्षा 11वीं के लिए पी. एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद को परीक्षा केंद्र बनाया गया है स ऐसे अभ्यार्थी जिन्होंने उक्त परीक्षा के लिए आवेदन किया है। वह नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है।असुबिधा होने पर कार्यालयीन समय में 7974092319 पर संपर्क कर सकते है।

## नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** विदिशा एसपी रोहित काशवानी ने थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध के फरार आरोपी प्रीतम पुत्र कल्याण सिंह निवासी पुरागुंसाई की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए तीन हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है।

**मेट्रो एंकर** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 261 जोड़ों ने थामे एक दूसरे के हाथ, विधायक ने पखारे पैर, लगाए तोरण द्वार

# बेटियों की चिंता सरकार की, अब बेटी होने पर माता-पिता खुश होते हैं : उमाकांत शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**










सोमवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 261 जोड़ों का सामूहिक विवाह,निकाह सम्मेलन संपन्न हुआ पहली बार घर जैसी व्यवस्था मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में प्रशासन के द्वारा की गई थी जिसमें तोरण द्वार से लेकर घर पर जैसी व्यवस्था विवाह और निकाय के दौरान की जाती है उस तरह की व्यवस्था इस बार देखने को मिली जिसकी तारीख विधायक से लेकर वर वधू से लेकर परिजनों ने फोटो करवाने का इंतजाम भी स्टेज पर किया गया था व्यवस्थित रूप से जोड़ों को कुर्सियों पर बिठाया गया क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने पैर भी पाखरे उपहार भी दिए तथा नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश कर रहे वर वधू को आशीर्वाद स्वरूप शुभकामनाएं दी।

पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में सभी के लिए भोजन की व्यवस्था से लेकर अच्छे इंतजाम देखने को मिले दूल्हा दुल्हन को क मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना के अंतर्गत 49 हजार रुपए का चेक भी प्रदान किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना ने माता-पिता की चिंता खत्म कर दिया है माता-पिता को अपनी बेटी की शादी की अब कोई चिंता नहीं होती हमारी सरकार संपूर्ण व्यवस्थाओं के साथ अच्छे से शादी और निकाह संपन्न कर रही है ।

विधायक ने कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि हमारी भाजपा सरकार केंद्र में नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव की सरकार गांव गरीब किसान मजदूर सबका साथ सबका विकास करती है उन्होंने बताया कि पहले कन्याओं के विवाह में पिता अपनी बिटिया के लिए किसी से मदद मांगनी पड़ती था स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा ने कई बेटियों की शादी विवाह के लिए अपनी स्वेच्छा निधि से मदद की है और शिवराज सिंह चौहान से बिटिया के विवाह के लिए कई बार बात की जिसमें फिर शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश सरकार में कन्यादान विवाह योजना चलाई जिससे आज गरीब अमीर मजदूर किसान सभी कन्याओं के लिए योजना वरदान साबित हुई कई बार माता-पिता को अपनी जमीन भी गिरवी रखनी पड़ती थी बेटी होने पर माता-पिता की चिंता बढ़ जाती है पर हमारी सरकार में बेटी होने पर माता-पिताके चेहरे पर मुस्कान होती है।

विधायक उमाकांत शर्मा ने दूल्हा दुल्हन पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया दूसरी और पहली बार सामूहिक सम्मेलन में एसडीएम हर्षल चौधरी ने विधायक के निर्देश पर ऐसे इंतजाम किए जो भी सम्मेलन में शामिल होने के लिए आया भी वह भी इंतजाम की सारी ना कर रहा था हरे पत्तों के तोरण द्वार सजाए थे खाने पीने से लेकर बैठने की व्यवस्था अच्छे तरीके से की गई थी सम्मेलन को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौर ने भी संबोधित किया।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ,उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भगत सिंह रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाहा, पथरिया मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण रघुवंशी, एसडीएम हर्षल चौधरी एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू जनपद शिव वंदना शर्मा आदि मौजूद थे।



# इंग्लिश प्रीमियर लीगः मैनचेस्टर सिटी को 5-1 से दी करारी शिकस्त

**लंदन . एजेंसी**

आर्सेनल ने मैनचेस्टर सिटी को 5-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग की खिताबी दौड़ में खुद को बरकरार रखा है। इस जीत के बाद आर्सेनल 50 अंकों के साथ अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है, जबकि लिवरपूल छह अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर कायम है। मैनचेस्टर सिटी को प्रीमियर लीग में छह मैचों बाद हार झेलनी पड़ी है। हालांकि 55वें मिनट तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं, लेकिन उसके बाद आर्सेनल ने चार गोल कर टीम को 5-1 से जीत दिला दी।

**मार्टिन ने दूसरे ही मिनट में दागा गोल:** आर्सेनल ने इस मैच में मार्टिन ओडेगार्ड के शानदार गोल से दूसरे ही मिनट में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, जो हाफ टाइम तक कायम रही। लेकिन 55वें मिनट में अर्लिंग हॉलैंड ने मैनचेस्टर सिटी को 1-1 से बराबरी दिला दी। हॉलैंड का यह इस सीजन सिटी के लिए 25वां गोल था। हालांकि यह बढ़त एक मिनट भी कायम नहीं रह पाई। पार्ती ने किया दूसरा गोल आर्सेनल की ओर से दूसरे हाफ में चार गोल आए। तोमास पार्ती ने 56वें मिनट में गोल कर टीम का स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद माइल्स लुईस स्केली ने 62वें, काई हार्वेत्ज ने 76वें और एथन नवानेरी ने इंजुरी टाइम में गोल किए।

### वनडे सीरीजः भारत के पास चैंपियंस ट्रॉफी से पहले तैयारी परखने का मौका

# 6 माह बाद एक दिवसीय मैच खेलने उतरेगी भारतीय टीम

**नईदिल्ली. एजेंसी**

पांच मैचों की टी-20 सीरीज 4-1 से अपने नाम करने के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम के सामने वनडे क्रिकेट में भी खुद को परखने का मौका होगा। 19 फरवरी से शुरू होने जा रही आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलकर अपनी तैयारियों को परखेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज का आगाज छह फरवरी से होगा। हाल में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद रणजी ट्रॉफी में भी विफल रहे भारतीय कप्तान रोहित को इस सीरीज में हर हाल में खुद को साबित करना होगा।

## टीम कॉम्बिनेशन तय करने मौका

इस सीरीज में भारत के पास चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम कॉम्बिनेशन तय करने का मौका है। भारतीय टीम ने अगस्त, 2024 के बाद कोई वनडे मैच नहीं खेला है ऐसे में टीम प्रबंधन को भी अंतिम एकादश चुनने के लिए ज्यादा माथापच्ची करनी होगी। गौरतलब है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच दुबई में खेलेगी।

## रोहित-विराट पर रहेंगी नजरें

इस सीरीज में क्रिकेटप्रेमियों की नजरें कप्तान रोहित और विराट कोहली पर होंगी। दोनों ही दिग्गज खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। माना जा रहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी इन दोनों का संभवतया आखिरी वनडे टूर्नामेंट हो सकता है। ऐसे में ये दोनों इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में फॉर्म हासिल करने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे।

## गंभीर को पीछे छोड़ सकते हैं रोहित

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में रोहित के प्रदर्शन की बात करें तो 20 मैचों की 20 पारियों में उन्होंने 48.26 के औसत से 724 रन बनाए हैं। इसमें 2 शतक और 4 अर्धशतक शामिल हैं। वह भारतीय टीम के मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर से आगे निकल सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ 21 मैचों में 733 रन बनाए हैं।




## इंग्लैंड के खिलाफ शीर्ष स्कोरर बन सकते हैं विराट

इस सीरीज में विराट के पास इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में शीर्ष स्कोरर बनने का अच्छा मौका है। विराट ने अब तक इंग्लैंड के खिलाफ खेले 36 वनडे मैचों में 41.87 के औसत से 1340 रन बनाए हैं। इस मामले में उनसे आगे सचिन (1455), युवराज (1523) महेंद्र सिंह धोनी (1546) हैं।

बता दें वनडे सीरीज का कार्यक्रम पहला वनडे 6 फरवरी, नागपुर दूसरा वनडे 9 फरवरी, कटक तीसरा वनडे 12 फरवरी, कोलकाता टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), गिल, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, कुलदीप व शमी। जसप्रीत बुमराह (फिट होने की स्थिति में तीसरे वनडे में खेल सकते हैं)।

# शंघाई मास्टर्स टेनिसः सर्बियाई स्टार जोकोविच ने अंतिम-16 में बनाई जगह

### नोवाक ने 100वें खिताब की ओर बढ़ाए कदम

**शंघाई. एजेंसी**



रेकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लेम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाने के साथ ही अपने करियर के 100वें पुरुष एकल खिताब की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। जोकोविच ने यहां राउंड-32 के मैच में इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी फ्लावियो कोबोली को 6-1, 6-2 से हराया। अब क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए नोवाक का सामना रोमन सेफिउलीन से होगा।

**तीसरे खिलाड़ी बनेंगे:** जोकोविच अगर शंघाई में खिताब जीतने में सफल रहते हैं तो वे 100 खिताब जीतने वाले तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। नोवाक से पहले रोजर फेडरर और जिम्मी कोनर्स यह कमाल कर चुके हैं। कोनर्स ने अपने करियर में 109 और फेडरर ने 103 खिताब जीते हैं। जोकोविच 2019 के बाद पहली बार शंघाई में खेल रहे हैं।

### मुल्तान टेस्ट का दूसरा दिन

## पाकिस्तानी पारी में लगे 3 शतक

**मुल्तान. एजेंसी**

पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 556 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पाक पारी में तीन शतक लगे। ओपनर अब्दुल्लाह शफीक (102), कप्तान शान मसूद (151) और आठवें नंबर पर उतरे सलमान आगा ने नाबाद 104 रन बनाए। इंग्लैंड ने स्टंप्स तक 1 विकेट पर 96 रन बना लिए थे। इंग्लैंड की ओर से ओपनर जैक क्राउली 64 रन बना कर क्रीज पर हैं, जो रूट 32 रन बना कर उनके साथ निभा रहे थे। नसीम शाह ने इंग्लैंड के कप्तान ओली पोप को खाता खोले बगैर पवेलियन भेज दिया। पाकिस्तान ने इंग्लैंड के बैजबॉल ऐरा में दूसरी बार टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में 500 से अधिक रन बनाए हैं।

## भारतीय अंडर-19 टीम के लिए हरवंश ने जड़ा शतक

**चेन्नई. एजेंसी**

हरवंश पंगालिया (117) की शानदार शतकीय पारी से भारतीय अंडर-19 टीम ने यहां दूसरे यूथ टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ अपनी पहली पारी में 492 रन बनाए। हरवंश से पहले नित्य पांडा ने 94, केपी कार्तिकेय ने 71, निखिल कुमार ने 61 और कप्तान सोहम पटवर्धन ने 63 रन बनाए। जवाब में दूसरे दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने अपने 3 विकेट 142 रन तक गंवा दिए थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब भी मेजबान से 350 रन पीछे है।



## मेट्रो बाजार

# ईपीएफओ में न्यूनतम पेंशन, बेसिक सैलरी लिमिट बढ़ाने की तैयारी

**नई दिल्ली. एजेंसी**



केंद्र सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़ाने को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में बदलाव करने की तैयारी में है। सरकार ईपीएफ में न्यूनतम पेंशन को मौजूदा 1,000 से बढ़ा सकती है। साथ ही रिटायरमेंट के समय पेंशन फंड में से आंशिक विड्रॉल की फैसिलिटी भी दिए जाने का प्रस्ताव है। सरकार ईपीएफओ को बैंकों के तर्ज पर खड़ा चाहती है। इसके लिए नियमों में बड़े बदलाव किए जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार चाहती है कि शादियों, मेडिकल ट्रीटमेंट, बच्चों की शिक्षा के लिए आसानी से पैसे विड्रॉल की सुविधा ईपीएफओ पोर्टल के माध्यम से ही इजाजत दी जाए। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने अधिकारियों को रिटायरमेंट के समय विड्रॉल के नियमों को लचीला बनाने का सुझाव दिया है, जिससे सब्सक्राइबर्स बेहतर तरीके से फाइनेंशियल प्लानिंग कर सकें और पेंशन के तौर पर सालाना मिलने वाले रकम में बदलाव कर सकें। कंस्ट्रक्शन वर्कर्स के नाम पर जो फंड राज्यों की ओर से वसूला जाता वह ऐसे ही पड़ा रह जाता है। मंत्रालय उस फंड को टैप करने पर विचार कर रहा है।

## आटा, मैदा और रवा हुआ महंगा, बेसन के दाम घटे

**नईदिल्ली. एजेंसी**

कालीमिर्च की आपूर्ति का ऑफ सीजन चल रहा है और अभी पर्व-त्योहारों का समय भी चल रहा है जिसे देखते हुए इसकी कीमतों में तेजी आनी चाहिए थी लेकिन इसके विपरीत बाजार कुछ नीचे आ गया है। विदेशों से बढ़ते आयात तथा कमजोर घरेलू मांग के कारण पिछले दो सप्ताह के अंदर कालीमिर्च के दाम में 17 रुपए प्रति किलो की भारी गिरावट दर्ज की गई। व्यापार विश्लेषकों के अनुसार कोच्चि के टर्मिनल मार्केट में विभिन्न देशों से आयातित 4422 टन कालीमिर्च का बड़ा भाग पहुंचने से कीमतों पर दबाव बढ़ रहा है। गेहूं के दाम बढ़ने से आटा-मैदा और रवा के भाव बढ़ गए है। बेसन में गिरावट दर्ज की गई। वहीं स्टॉकिस्टों की बिकवाली बनी रहने से चने के भाव में गिरावट आई है। मिलों ने चना दाल के दाम 100 रुपए क्विंटल घटाएं। सूत्रों का कहना है कि चने में आगे और गिरावट देखने को मिल सकती है। मसूर की आपूर्ति कम होने से भाव में तेजी रही। मसूर दाल के दाम भी तेज बताए गए। इधर, देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी थोक मंडी में मांग कमजोर रहने से आलू के भाव में कमी आई।

## सरकारी बैंकों के मुनाफे में आ सकती है गिरावट

**मुंबई. एजेंसी**




**रिपोर्ट:तिमाही नतीजों को लेकर अनुमान**

भारतीय कंपनियों को तिमाही के फाइनेंशियल रिजल्ट्स आने शुरू हो गए हैं।आने वाले हफ्ते से इसमें तेजी देखने को मिलेगी जब टीसीएस, इरेडा, टाटा एलेक्सी, डीमार्ट और एशियन होटल्स जैसी कंपनियां अपने सितंबर तिमाही के नतीजे पेश करेगी। नतीजों के एलान से पहले ब्रोकरेज हाउस अपने-अपने अनुमान भी जारी कर रहे हैं। ऐसे ही एक अनुमान के तहत मोतीलाल ओसवाल ने अपने एक रिपोर्ट में कहा कि दूसरी तिमाही के दौरान सरकारी बैंकों के मुनाफे में पहली तिमाही के मुकाबले हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

## इंडस्ट्री में बाहरी लोगों के साथ होता है भेदभाव, राधिका मदान ने कलाकारों को लेकर कही बात



अभिनेत्री राधिका मदान को कई बॉलीवुड फिल्मों में देखा जा चुका है। राधिका ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम करने को लेकर अपनी राय साझा की है। उन्होंने कहा कि फिल्मों को लेकर बॉलीवुड में भाई भतीजावाद फैला हुआ है, जिनके माता पिता पहले से इंडस्ट्री में हैं, उनको अपनी फिल्मों को करने के लिए और चीजों को समझने के लिए कई फिल्में मिल जाती हैं। वहीं, इंडस्ट्री के बाहर के लोगों को एक गलती पर ही बाहर निकाल दिया जाता है। फिल्म अंग्रेजी मीडियम, सफीरा, पटाखा जैसी फिल्मों के कारण राधिका मदान को जाना जाता है। उनको सीखने के लिए 2-3 फिल्में और मिल जाती हैं कि अभी सीख जाएगा, अरे देखो सुधार है। हर दूसरी इंडस्ट्री की तरह यह यहां भी होता है। हालांकि, एक 'स्टार किड' को 2-3 फिल्मों में काम करने का फायदा होता है, भले ही उन्होंने इंडस्ट्री के बाहर के लोगों के साथ होता है अलग व्यवहार जो लोग पहले से इंडस्ट्री से संबंध नहीं रखते हैं। उनके साथ दूसरे तरह का व्यवहार होता है। इंडस्ट्री के बाहर से होने को लेकर राधिका मदान ने कहा, कि हम जैसे लोग जो इंडस्ट्री के बाहर से आते हैं, उनके साथ अलग व्यवहार होता है।

## खूबसूरती की मिसाल *रेखा*, सावन भादो से की थी अपने करियर की शुरुआत

बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री रेखा के दर्शक क्या नेता और अभिनेता भी दीवाने हैं। रेखा का अभिनय, डांस और अदाएं हर किसी को पसंद है। यही वजह है कि रेखा आज भी सभी की पसंदीदा अभिनेत्री हैं। रेखा का असली नाम भानुरेखा गणेशन है। आज रेखा का 70वां जन्मदिन है। आइए जानते हैं रेखा के जन्मदिन पर उनसे जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें। रेखा का जन्म 10 अक्टूबर 1954 को मद्रास में हुआ। रेखा एक भारतीय अभिनेत्री हैं, जो मुख्य रूप से हिंदी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रेखा ने 180 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है, जिसके लिए उन्हें कई पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है। रेखा ने कई फिल्मों में मजबूत और जटिल महिला किरदार निभाए हैं। रेखा ने अपने करियर की शुरुआत तेलुगु फिल्म इंति गुट्ट और रंगुला रत्नम में एक बाल कलाकार के रूप में की थी।



### अमिताभ ने तंगी में ठुकराया था फ्री का चेक

## बिग बी के बुरे दिन पर रजनीकांत बोले पहचान छुपकर यश चोपड़ा के घर गए





अमिताभ बच्चन और रजनीकांत तमिल एक्शन थ्रिलर 'वेट्टैयन' में 33 साल के बाद स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वेट्टैयन के ऑडियो लॉन्च में रजनीकांत ने अमिताभ बच्चन की तारीफ की। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था जब अमिताभ करोड़ों के कर्ज में डूबे थे। जिसे चुकाने के लिए वो लगातार 18 घंटे काम करते थे। यहां तक कि उन्होंने अपना घर भी बेच दिया था। रजनीकांत ने कहा, अमिताभ बच्चन ने अपनी खुद की कंपनी अमिताभ बच्चन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एबीसीएल) लॉन्च की थी। लेकिन दुर्भाग्य से एबीसीएल विफल हो गई और एक्टर को काफी नुकसान हो गया। आलम यह था कि वो कर्ज में डूब गए थे। एक दिन में लगातार 18 घंटे तक काम करते थे। एक दिन अमिताभ बच्चन मंकी कैप पहन यश चोपड़ा के घर गए थे। बिग बी ने यश से काम मांगा तो उन्होंने तुरंत एक चेक लाकर उन्हें दिया, लेकिन अमितजी ने यह कहकर मना कर दिया कि वह इसे तभी लेंगे जब आप उन्हें कोई काम देंगे। इस तरह उन्हें 'मोहब्बतें' फिल्म मिली थीं। इसके बाद जल्द ही उन्हें केबीसी का भी ऑफिर मिल गया था। 'एक-एक करके अपना सारा कर्ज चुका दिया।

### 2 साल की हो गई है... *राहा*

## आलिया बोलीं- राहा बार-बार 'राधा तेरी चुनरी-बदतमीज दिल..' सुनती है

आलिया भट्ट इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म जिगरा के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। इस दौरान कई बार आलिया अपने प्रेग्नेंसी और पेरेंटिंग लाइफ के बारे में भी बात करती नजर आती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने और रणबीर ने राहा को अपनी कुछ फिल्मों के सॉन्ग दिखाए हैं, जिसे राहा दिनभर बार-बार सुनती रहती है। राहा ने सबसे पहला गाना केसरिया सुना था- आलिया भट्ट दरअसल, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आलिया भट्ट से पूछा गया कि आप राहा को सबसे पहले अपना कौन सा सॉन्ग सुनाना चाहती हैं। इस पर आलिया ने कहा, 'अब राहा लगभग 2 साल की हो गई है। उसने सबसे पहला सॉन्ग मेरी और रणबीर की फिल्म ब्रह्मास्त्र का केसरिया सुना था।' राधा तेरी चुनरी गाने को बार-बार सुन रही है राहा आलिया ने आगे कहा, 'लेकिन हाल ही में राहा ने मेरी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर का राधा तेरी चुनरी और रणबीर की फिल्म ये जवानी है दीवानी का गाना बदतमीज दिल सुना है। जिसे वो दिनभर बस बेक टू बेक सुने ही जा रही है। उसे लग रहा होगा कि इन गानों पर नाचना नॉर्मल है।' आलिया-रणबीर ने 2022 में की थी शादी आलिया और रणबीर कपूर ने सालों तक डेट करने के बाद 14 अप्रैल, 2022 को शादी कर ली थी। शादी के दो महीने बाद ही आलिया ने मां बनने की अनाउंसमेंट की थी। फिर इसी साल नवंबर में आलिया ने बेटी राहा को जन्म दिया था। कपल ने पहली बार क्रिसमस के मौके पर पैपराजी के सामने बेटी राहा का चेहरा दिखाया था।

# बेरोजगार ने आग लगाई बचाने पहुंची पत्नी झुलसी

**9 दिन चले इलाज के बाद हमीदिया अस्पताल में युवक की मौत**

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी में एक युवक ने खुद पर पेट्रोल छिड़कर आग लगा ली। उसकी चीख पुकार सुनकर पत्नी पहुंची और किसी तरह आग बुझाई। इससे पत्नी के हाथ भी झुलस गए। करीब 45 से 50 फीसदी झुलसे पति को वह हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची थी। वहां करीब 9 दिन जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे युवक की सोमवार तडके इलाज के दौरान मौत हो गई। अपने मृत्युपूर्व बयान में युवक ने बताया था कि बेरोजगारी से परेशान था।

पुलिस के अनुसार बरखेड़ी जहांगीराबाद निवासी भारत रैकवार (40) अपनी पत्नी और बच्चों के साथ यहां किराए से रहता था। वह फुटकर मजदूरी करता था। पिछले कुछ समय से उसे लगातार काम नहीं मिल रहा था। इस कारण घर की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई थी। वह घर का किराया भी नहीं दे पा रहा था। परेशान होकर गत 26 जनवरी की रात उसने पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगा ली। घटना के समय घर में पत्नी और बच्चे भी थे। पति को आग की लपटों में घिरा देख पत्नी ने उसे बचाने का भरपूर प्रयास किया। इस प्रयास में पत्नी के दोनों हाथ भी बुरी तरह झुलस गए थे। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों की मदद से आग बुझाकर भारत को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एसआई शेषराम सहारे ने बताया कि मृत्युपूर्व बयान में भारत रैकवार ने लगातार काम न मिलने और घर की माली हालत खराब होने के कारण आग लगाने की बात कही थी। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था। दूसरी ओर प्राथमिक उपचार के बाद पत्नी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी।

# बिजली का करंट लगने से झुलसकर पेंटर की मौत

**पुलिस ने मर्ग कायम कर उसका पीएम कराया शव परिजनों को सौंप दिया**

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके में करंट लगने से पेंटर की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह बिजली मीटर के पास दीवार पर पुताई कर रहा था। तभी उसका हाथ कटी हुई तार की चपेट में आ गया। जिसके चलते उसे जोर का बिजली का झटका लगा और वह दूर जाकर गिर गया। घर में मौजूद लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शाहजहांनाबाद पुलिस के मुताबिक, मजदूर नगर,शाहजहांनाबाद निवासी 24 वर्षीय शाहवर अली अपने पिता मुनव्वर अली के साथ पुताई का काम करता था। रविवार को शाहवर इस्लामी गेट निवासी एक परिचित के घर पुताई करने गया था। शाम को वह मीटर के पास पुताई कर रहा था, इस दौरान करंट की चपेट में आ गया। शाहवर तीन बहनों का इकलौता भाई था। पिता का कहना है कि वह हमेशा उनके साथ काम करने जाता था, रविवार को परिचित ने काम के लिए बुलाया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर उसका पीएम करवा लिया है।

# देवी रानी किन्नर की गिरफ्तारी के लिए किन्नरों ने घेरा तलैया थाना

**किन्नर ने धार्मिक भावनाएं आहत करने का वीडियो किया था वायरल**

**भोपाल।** किन्नर की गिरफ्तारी को लेकर किन्नरों ने तलैया थाने का घेराव कर दिया। किन्नरों ने जमकर नारेबाजी की और देवी रानी नाम के किन्नर को गिरफ्तार करने की मांग की। किन्नरों ने प्रदर्शन के दौरान देवी रानी नाम के किन्नर को गिरफ्तार करने और वायरल वीडियो पर माफी मंगवाने की बात कही है। दरअसल, बुधवारा क्षेत्र के किन्नरों का कहना है कि देवी रानी नाम की किन्नर ने सोशल मीडिया पर एक विवादित वीडियो पोस्ट की है। वीडियो से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। देवी ने वीडियो में कहा है कि उसे पूजा-पाठ करने से रोका जाता है जबकि यह आरोप गलत है। हमारे यहां किसी से को भी पूजा-पाठ करने से नहीं रोका जाता। देवी किन्नर को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। इसके साथ वह किन्नर समाज से माफी मांगे। अगर माहौल बिगड़ता है तो उसकी जिम्मेदार देवी किन्नर होगी। थाना प्रभारी सीबी राठौर ने बताया कि देवी रानी किन्नर को इनके गुरुजी ने रहने के लिए कम्मू का बाग में एक मकान दिया था। अब गुरुजी मकान खाली करने को बोल रहे है तो वह मकान खाली नहीं कर रहा है। वह वीडियो बनाकर षड्यंत्र कर रहा है। अब तक कोई धार्मिक भावनाएं आहत करने की बात सामने नहीं आई। आपसी रंजिश के चलते विवाद करने वालों को बाउंड ओवर किया जाएगा।

## नौकरी के नाम पर महिला यात्री से कई बार हजारों रुपए ऑनलाइन डलवाए

# जनरल कोच में पहचान, भतीजे को नौकरी दिलाने महिला से ठगी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

पंचवेली एक्सप्रेस के जनरल कोच में शुजालपुर से भोपाल का सफर कर रही महिला यात्री को सामने वाली सीट पर बैठे अज्ञात जालसाज ने सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर हजारों रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी ने महिला को उसके बेटे व भतीजे की नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। इसके बाद दस्तावेज ऑनलाइन और नगद रुपए लेने के बाद आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। जीआरपी थाना भोपाल ने जालसाजी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार खजूरी कला रोड निवासी भावना सिंह राठौर पत्नी स्वर्गीय भारत सिंह राठौर (48) गृहणी हैं। 29 जनवरी की दोपहर करीब पौने 4 बजे वह रेलवे स्टेशन शुजालपुर से पंचवेली एक्सप्रेस के जनरल कोच में भोपाल की यात्रा कर रही थीं। उनकी सीट के सामने वाली सीट पर एक अज्ञात व्यक्ति शुजालपुर से बैठा। उसने भावना सिंह से बातचीत शुरू कर दी। इस दौरान भावना सिंह से उनके बेटे की नौकरी लगवाने की बात कही। जब महिला ने कहा कि उनका बेटा अभी 18 साल का है। तब उस व्यक्ति ने



भावना के भाई के बेटे प्रतीक राठौर की नौकरी लगवाने के बारे में बात की। उसने कहा कि प्रतीक राठौर के सर्टिफिकेट वाट्सएप पर भेज देना। इसी बहाने उस अंजान व्यक्ति ने महिला से उनका मोबाइल नंबर ले लिया और अपना मोबाइल नंबर 9502182730 उन्हें दे दिया। भोपाल स्टेशन आने पर भावना राठौर प्लेटफार्म-एक से बाहर निकलकर एक्सीलेटर तक पहुंची थी, तभी उस व्यक्ति का कॉल आ गया। उसने कॉल कर कहा कि बच्चों के सर्टिफिकेट अभी वाट्सएप पर भेज दो और 850 रुपए फार्म के भी भेज दो। भावना ने अपनी बेटी के मोबाइल नंबर से उसके क्यूआर कोड पर 858 रुपए भेज दिए और बेटे के सर्टिफिकेट भी वाट्सएप पर भेज दिए।

### ऑनलाइन और नगदी लेने के बाद मोबाइल बंद

30 जनवरी को फिर उस व्यक्ति का कॉल आया उसने कहा कि सर्टिफिकेट लेकर भोपाल स्टेशन पहुंच जाइए। भावना भोपाल स्टेशन पहुंची और मोहसिन खान नाम के उस व्यक्ति को प्रतीक राठौर के कागजात और 3 हजार रुपए नगद दे दिए। मोहसिन ने कहा कि मैं कॉल करूंगा। इसके बाद 31 जनवरी को उसका कॉल आया और कहा कि आप लोग सारंगपुर आ जाओ और साढ़े 4 हजार रुपए ऑनलाइन भेज दो। भावना ने उसके क्यूआर कोड पर रुपए भेज दिए। इसके बाद उन्होंने बार-बार कॉल किया, लेकिन आरोपी मोहसिन खान का मोबाइल बंद हो चुका था। ठगी होने पर भावना राठौर जीआरपी थाना भोपाल पहुंची और जालसाजी का प्रकरण दर्ज कराया।

## मालवा एक्सप्रेस में महिला का पर्स चोरी, 3 लाख 95 हजार का था माल

**भोपाल।** राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। मालवा एक्सप्रेस में सफर कर रहे बुजुर्ग दंपती के साथ चोरी की वारदात हुई। अज्ञात बदमाश परिवार की महिला का पर्स चुराकर ले गया। पर्स में 15 हजार रुपए की नगदी सहित 3 लाख 95 हजार रुपए का माल था। जीआरपी ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।भोपाल जीआरपी के अनुसार सर्व नगर, मिशन कंपाउंड, सीपरी बाजार झांसी निवासी 66 साल के जगदीश कुमार गुप्ता ने शिकायत करते हुए बताया कि गत 26 जनवरी 2025 को वे झांसी से उज्जैन की यात्रा ट्रेन क्रमांक 12920 मालवा एक्सप्रेस से कर रहे थे। उनका कोच नंबर ए-वन, बर्थ नंबर 11,12 पर था। यात्रा के दौरान उनकी पत्नी का लेडिस पर्स सीट नं. 11 पर रखा था। ट्रेन रेलवे स्टेशन भोपाल रुकी। नींद खुलने पर देखा तो पत्नी का पर्स नहीं था। उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन पर्स चोरी हो चुका था। पर्स में सोने की चार नग अंगुठी थी। सभी अंगुठी 5-5 ग्राम की थी, जिनकी कीमत 1 लाख 20 हजार थी। इसी प्रकार कान की 2 जोड़ झुमकी थी, जिनकी कीमत 60 हजार रुपए, कान की झुमकी डायमंड 1 जोड़ी कीमत लगभग दो लाख रुपए नहीं थी। इसके अलावा पर्स में 15 हजार रुपए की नगदी थी, जो कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया। बदमाश उनके पर्स समेत 3 लाख 95 हजार का सामान चुराकर ले गया है। इसके अलावा दो आधार कार्ड, एक पेन कार्ड, एक एटीएम कार्ड भी पर्स में था, जो चोरी हो चुका है। चोरी की शिकायत उन्होंने उज्जैन जीआरपी में की थी। वहां से केस डायरी भोपाल जीआरपी को भेजी गई है।

# साइबर सुरक्षा: न्यू मार्केट में नुक्कड़ नाटक आयोजित

**ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए विद्यार्थियों को किया गया जागरुक**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

साइबर फ्रॉड सुरक्षा के संबंध में मध्य प्रदेश पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को थाना टीटी नगर के रोशनपुरा चौराहे एवं न्यू मार्केट में टॉप एंड टाउन के सामने कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके एवं सतर्कता के बारे में संदेश दिया। साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरुक होना अत्यंत आवश्यक है। इस बात पर विशेष जोर देते हुए मोबाइल के द्वारा ओटीपी मांग कर ,लिंक भेज कर ,डिजिटल अरेस्ट इत्यादि के संबंध में किया जा रहे हैं साइबर फ्रॉड से अवगत कराकर आम जनता को इसके जाल में न फंसने के संबंध में समझाइए एवं सलाह दी गई।

नुक्कड़ नाटक में थाना प्रभारी सुधीर अर्जरिया के अलावा थाना टीटी नगर उप निरीक्षक सुनील भदोरिया एवं साइबर ब्रांच के उपनिरीक्षक रमन शर्मा और उप निरीक्षक सुनील रघुवंशी समेत स्टाफ मौजूद रहा।

## सौतेले मामा ने की युवती से छेड़छाड़, शिकायत पर प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र में सौतेले मामा द्वारा अपनी ही भांजे से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। दरअसल, सौतेली मां अपने भाई यानी की पीड़िता के सौतेले मामा जावेद से उसका निकाह कराना चाहती थी। उम्रदराज मामा से शादी करने का इंकार करने पर मामा ने युवती से छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर छेड़छाड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 19 साल की युवती इलाके में रहती हैं। उसकी मां का इंतेकाल हो चुका है। पिता ने दूसरी शादी कर ली। पीड़िता अपने पिता और सौतेली मां के साथ रहती है। वह दसवीं कक्षा पड़ने के बाद पड़ाई छोड़ चुकी है और घर के कामकाज संभालती है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मां अपने उम्रदराज भाई जावेद से उसका निकाह कराना चाहती है। निकाह का युवती ने विरोध किया। इधर मामा जावेद का घर आना जाना था और वह युवती को घूरता था। युवती का कहना है कि उसने एक बार उसका हाथ भी पकड़ लिया था। युवती ने घटना पिता को बताई। पिता उसे थाने लेकर पहुंचे वहां शिकायत दर्ज करवाई।

# टीचर के सूने मकान से जेवर समेत 1 लाख का माल चोरी



भोपाल, दोपहर मेट्रो

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित विकास कुंज सोसायटी में टीचर के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश नगदी समेत लाखों रुपए के जेवरात चुराकर ले गए हैं। टीचर ने चोरी गए जेवर का बिल अभी पुलिस को नहीं दिया है। पुलिस का अनुमान है कि उनके घर से करीब एक लाख रुपए की चोरी हुई है। हालांकि पुलिस ने चोरी गए जेवर और अन्य सामान की लिस्ट मांगी है।

पुलिस घटनास्थल का एफएसएल की टीम से निरीक्षण करा रही है। पुलिस के अनुसार ममता शर्मा पति अरविंद कुमार (60) विकास कुंज सोसायटी शाहपुरा में रहती हैं और जहांगीराबाद स्थित शासकीय स्कूल में टीचर हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 31 जनवरी को वह परिवार के साथ शादी में शामिल होने इंदौर गई थी। वहां से 3 जनवरी सोमवार को लौटी तो घर के मुख्य गेट पर लगा ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ है। बदमाश उनके घर की अलमारी से पुराने जेवर और कुछ नगदी चुराकर ले गए हैं।

इधर छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित श्रीधाम कॉलोनी निवासी राजेश यादव के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश सोने चांदी के जेवर समेत 55 हजार रुपए की नगदी चुराकर ले गए। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात की है।

इसी प्रकार दानिश कुंज कोलार में अज्ञात बदमाश नेहा बहारे पति दीपक शुक्ला (44) के सूने मकान से जेवर नगदी समेत लाखों रुपए का माल चुराकर ले गए। उन्होंने चोरी गए माल की सूची अभी पुलिस को नहीं सौंपी है। एक अन्य चोरी बदमाशों ने चूनाभट्टी में की। यहां जानकी नगर चूनाभट्टी निवासी अनूप राय के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश घड़ी, घरेलू सामान सहित तीस हजार रुपए का सामान चुराकर ले गए।

**मेट्रो एंकर** अधिक ब्याज वसूलने का लगाया आरोप, ऋण अधिनियम के तहत एफआईआर

# पिता-पुत्री सहित रिश्तेदार पर सूदखोरी का मामला दर्ज

भोपाल, दोपहर मेट्रो


गौतम नगर पुलिस ने पिता-पुत्री सहित रिश्तेदार पर मध्य प्रदेश ऋष्टा अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उन्होंने दो बार जरूरत पड़ने पर पिता पुत्री और रिश्तेदार से 8 लाख और साढ़े 4 लाख रुपए ब्याज पर लिए थे। वह ब्याज समेत रुपए लौटा चुके हैं। बावजूद इसके आरोपी उन पर अधिक ब्याज देने का दबाव बना रहे हैं। पुलिस के अनुसार चंचल रावत पति राकेश रावत (24) शक्ति नगर, दाल मील के पीछे रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उन्हें पैसे की जरूरत थी। उन्होंने वर्ष 2022 में संजय उसकी



बेटी बबली और रिश्तेदार सोनाली साहू से कुल साढ़े 12 लाख रुपए लिए थे। उक्त रुपए वह ब्याज समेत लौटा चुकी है। बावजूद इसके संजय बबली और सोनाली का कहना है कि ब्याज की रकम उन्हें नहीं मिली है। पुलिस ने फरियादी पक्ष के अकाउंट की स्टैटमेंट मंगवाई तो तो कुछ रकम ऑनलाइन ट्रांसफर की गई है, लेकिन फरियादी का कहना है कि उन्हें नगदी भी दी है। नगदी का वह कोई प्रमाण नहीं बता सके हैं।

## होटल में रुके लोगों की जानकारी नहीं देने पर एफआईआर, नोटिस किया गया जारी

**भोपाल।** अशोका गार्डन पुलिस ने सब्जी मंडी के संचालित दो होटलों के मैनेजर पर शासकीय आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। दरअसल, मकान मालिक को किरायेदारों का ब्यौरा और हॉस्टल में छात्रों की जानकारी समेत होटल में रुकने वाले ग्राहकों की जानकारी पुलिस को देनी है। बावजूद इसके होटल में रुकने वाले ग्राहकों की जानकारी होटल मैनेजर द्वारा पुलिस थाने में नहीं दी गई। जानकारी नहीं देने पर पुलिस ने होटल श्री गोपी के मैनेजर तेज सिंह यादव और शौर्य होटल के मैनेजर नितेश के खिलाफ शासकीय आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। दोनों को नोटिस दिया गया है।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022